The Battle of Trenton proved to be a turning point in the war, convincing the colonists that their army could more than hold its own against the enemy. Even so, the conflict would continue for the better part of a decade. And the Germans would play a part in every major military campaign of the war.

Over time, American colonists' attitudes towards the Hessians began to evolve. They were not invincible supermen but a diverse mix of professional soldiers and ordinary citizens, some fresh off the farm. Many colonists came to prefer them to the British, even sympathizing with them as innocent victims forced by money-hungry tyrants to fight a war thousands of miles from home, a conflict in which they had no personal stake.

As Washington himself observed in a February 1777 letter, "One thing I must remark in favour of the Hessians, and that is, that our people who have been prisoners generally agree that they received much kinder treatment from them than from the British officers and soldiers."

The Hessians were still the enemy, of course, and they were far from saints. They earned a reputation for helping themselves to whatever property they wanted as rightful spoils of war. In their defense, Baer points out that plundering in wartime was a common practice, and the Germans weren't the only ones guilty of it. British troops were also known to plunder, although the army officially discouraged the practice. Rebel colonists apparently didn't hesitate to loot the homes and farms of their loyalist neighbours.

Of the roughly 30,000 Germans who participated in the conflict, Lowell estimated that just over 17,300 returned to their native lands. Approximately 1,200 were killed in the war, and nearly 6,400 died as a result of accidents or illness. The historian classified another 5,000 as deserters. Baer puts the number of Germans who stayed behind in North America at between 5,000 and 6,000. As many as 3,500 settled in the U.S., with the rest relocating to another part of the continent.

While estimates vary and no one can ever know for sure, it's likely that the number of Americans today with a "Hessian" or two in their family tree is somewhere in the millions. In the end, the Germans did have a major impact, just not the one George III intended.

rajeshsharma1049@gmail.com



An illustration of Hessian soldiers in uniform.

THE WALL



BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott

ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



स्यालोदड़ा में प्रदूषण जांच के पहुंची टीम को क्रशर बंद मिलने पर ग्रामीणों का विरोध

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रदूषण विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही क्रशर बंद कर दिए गए और सड़कों पर पानी का छिड़काव कर दिया

पाटन, (निसं)। ग्राम पंचायत स्यालोदड़ा में कालका माता मंदिर के पास प्रदूषण की स्थिति की जांच के लिए प्रदूषण नियंत्रण विभाग की मोबाइल वैन पहुंची। विभाग की ओर से क्षेत्र में वायु प्रदूषण के स्तर की जांच की गई, लेकिन जांच के दौरान अधिकांश क्रशर बंद मिलने पर ग्रामीणों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए इसे खानापूर्ति बताया।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रदूषण विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही क्रशर बंद कर दिए गए और सड़कों पर पानी का छिड़काव कर दिया गया। इससे सामान्य दिनों में रहने वाली धूल और प्रदूषण की वास्तविक स्थिति जांच में सामने नहीं आ सकी। ग्रामीणों ने जांच स्टाफ पर क्रशर संचालकों से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष एवं अचानक जांच कराने की मांग की।

पाटन के स्यालोदड़ा में प्रदूषण नियंत्रण विभाग की मोबाइल वैन जांच के लिये पहुंची।

- ग्रामीणों ने जांच स्टाफ पर क्रशर संचालकों से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष एवं अचानक जांच कराने की मांग की

ग्रामीण रमेश गुर्जर ने आरोप लगाया कि प्रदूषण विभाग की गाड़ी पहुंचते ही रास्तों पर पानी का छिड़काव शुरू करवा दिया गया। साथ ही अधिकांश क्रशर भी बंद कर दिए गए। उन्होंने कहा कि यदि सामान्य दिनों की तरह क्रशर चलते रहते और सड़क पर पानी का छिड़काव नहीं किया जाता तो प्रदूषण की वास्तविक स्थिति सामने आती। ग्रामीण पंकज सैनी ने कहा कि विभाग की ओर से की जा रही जांच केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। उन्होंने मांग की कि क्षेत्र में अचानक जांच की जाए अथवा स्थायी रूप से प्रदूषण मापने की मशीन लगाई जाए, ताकि क्षेत्र में धूल प्रदूषण के स्तर की लगातार निगरानी हो सके। उन्होंने कहा कि क्रशर इकाइयों से दिन-रात उड़ने वाली धूल के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में सैकड़ों लोग धूल प्रदूषण से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं से परेशान हैं। उनका दावा है कि क्रशर इकाइयों में काम करने वाले कई श्रमिक टीबी और सिलिकोसिस जैसी गंभीर बीमारियों से प्रभावित हुए हैं और कुछ की मौत भी हुई है।

ग्रामीण गिरवर सैनी ने सवाल उठाया कि जब क्रशर ही बंद हैं तो प्रदूषण की वास्तविक स्थिति कैसे सामने आएगी। उन्होंने कहा कि क्रशर संचालन के दौरान जांच की जानी चाहिए, तभी क्षेत्र में धूल प्रदूषण की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी।

प्रदूषण नियंत्रण विभाग सीकर के आरओ नीरज शर्मा ने बताया कि जयपुर से मोबाइल मशीन एक महीने के लिए विभाग के पास आई हुई है। इसके माध्यम से जिले में विभिन्न स्थानों पर वायु प्रदूषण की रूटीन जांच की जा रही है। मशीन एक स्थान पर करीब 24 घंटे तक वायु गुणवत्ता की निगरानी करती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह जांच औद्योगिक इकाइयों के प्रदूषण की जांच से अलग है। इंडस्ट्रियल प्रदूषण की जांच विभाग की अलग मशीन के माध्यम से की जाती है।

होटल बुकिंग के नाम पर लोगों से ऑनलाइन ठगी

तीन साइबर ठग गिरफ्तार, पांच मोबाइल, लैपटॉप और ठगी के पैसों से खरीदी थार जब्त

डीग/भरतपुर, (निसं)। होटल बुकिंग के नाम पर लोगों को ऑनलाइन झांसे में लेकर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का डीग पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पांच मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और साइबर ठगी की राशि से खरीदी गई काले रंग की थार गाड़ी जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार आरोपी फर्जी होटल वेबसाइट के जरिए ग्राहकों को अपने जाल में फंसाते और व्हाट्सएप पर संपर्क के बाद फर्जी क्यूआर कोड भेजकर रकम अपने खातों में ट्रांसफर करा लेते थे। यह कार्रवाई एसपी डीग शरण गोपीनाथ के निर्देशन में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन काउंटडाउन' के तहत थाना कोतवाली डीग, साइबर सेल और डीएसटी की संयुक्त टीम ने की।

थाना कोतवाली प्रभारी हीरालाल मीणा के अनुसार गश्त एवं चेकिंग के दौरान बस स्टैंड डीग के पास मुखबिर से सूचना मिली कि एक थार गाड़ी में कुछ युवक बैठकर साइबर ठगी कर रहे हैं। पुलिस टीम बताए स्थान पर पहुंची तो यूपी नंबर की काली थार खड़ी मिली। गाड़ी में पांच युवक बैठे थे। पुलिस को देखते ही चालक और उसके पास बैठा युवक जंगल की ओर भाग निकला, जबकि पीछे की सीट पर बैठे तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान वसीम पुत्र इदरीस, अकरम पुत्र काशीम, दोनों निवासी दौलतपुर (लहचोरा), थाना गोवर्धन, जिला मथुरा तथा तारीफ पुत्र हनीफ निवासी जोतरी पीपल, थाना गोपालगढ़, डीग के रूप में हुई। तलाशी में इनके पास से पांच मोबाइल और एक लैपटॉप मिले।

- सॉफ्टवेयर इंजीनियर साथी से होटल जैसी दिखने वाली फर्जी वेबसाइट बनवाते थे

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी किसी वास्तविक होटल से मिलती-जुलती फर्जी वेबसाइट तैयार करवाते थे। इसके लिए सॉफ्टवेयर इंजीनियर आरोपी तारीफ की मदद ली जाती थी। वेबसाइट के कॉन्टेक्ट सेक्शन में फर्जी मोबाइल और व्हाट्सएप नंबर डालकर ग्राहकों को संपर्क के लिए आकर्षित किया जाता था। ग्राहक होटल बुकिंग के लिए संपर्क करता तो आरोपी व्हाट्सएप पर बातचीत कर उसे विश्वास में लेते और भुगतान के लिए फर्जी क्यूआर कोड भेजते थे। क्यूआर कोड के जरिए रकम हासिल करने के बाद ठााहक से संपर्क तोड़ देते थे।

आरोपी फर्जी आईडी के साथ फर्जी सिम व बैंक खातों का इस्तेमाल भी करते थे। पुलिस को जांच में अलग-अलग तरह के प्रलोभन देकर लोगों को ठगने के साक्ष्य भी मिले हैं। मौके से जब्त थार के बारे में आरोपियों ने बताया कि गाड़ी फरार आरोपी मानवेन्द्र उर्फ कलुवा निवासी मुड़सेरस की है और इसे साइबर ठगी की रकम से खरीदा गया था। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश के साथ गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और बैंक खातों की भी जांच कर रही है।

धर्म, राजनीति और व्यक्ति के चरित्र को बदलने का औजार है पुस्तकें : प्रो. दाधीच

जयपुर /चूरू। पुस्तकें धर्म, राजनीति और व्यक्तियों का चरित्र बदलने का औजार रही हैं और वैचारिक धरातल पर आज भी उतनी ही मारक हैं। पुस्तकों के संग व्यक्ति एकांतवास में रहकर भी पूर्णता प्राप्त करता है। पुस्तकों की संगत से वह सब कुछ पा लेता है जो जीवन के सच से साक्षात्कार कराने के लिए पर्याप्त है। यह विचार लेखक-चिंतक एवं वर्द्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. नरेश दाधीच ने शुक्रवार को चूरू बालिका महाविद्यालय सभागार में स्थानीय प्रयास संस्थान के प्रो. नौरत्नचंद धारीवाल को समर्पित पुस्तक उपहार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। प्रो. दाधीच ने कई ऐतिहासिक, राजनीतिक संदर्भों के माध्यम से कहा कि पुस्तकें समय की जरूरत है और खासकर युवा पीढ़ी को पुस्तकों एवं पुस्तक-संस्कृति से जुड़ना चाहिए।

- चूरू में स्थानीय प्रयास संस्थान के प्रो. नौरत्नचंद धारीवाल को समर्पित पुस्तक उपहार कार्यक्रम का आयोजन

चूरू बालिका महाविद्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम को अतिथियों ने संबोधित किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि और प्रो. धारीवाल के पुत्र पूर्व आईएएस सुनील धारीवाल ने कहा कि व्यक्ति का चरित्र न केवल उसके परिवार को गढ़ता है अपितु पूरे परिवेश को आंदोलित करता है। प्रो. धारीवाल ऐसे ही व्यक्ति थे जिन्होंने संघर्ष के मार्ग से गुजरते योग्य शख्स को गढ़ा और एक स्वस्थ समाज निर्माण का संकल्प लिया। पूर्व आईएएस डॉ. लोकनाथ सोनी ने कहा कि पुस्तक और जिंदा व्यक्ति समाज को आगे ले जाते हैं। प्रो. धारीवाल के कारण मुझ जैसे कितने ही व्यक्ति बने और आगे बढ़े। राजस्थान विश्वविद्यालय सिंडिकेट के पूर्व सदस्य प्रो. एच. आर. ईसराण ने कहा कि पुस्तकों से गहराई से जुड़े प्रो. धारीवाल की स्मृति में पुस्तक उपहार से बेहतर कोइ विकल्प है ही नहीं। प्रयास का लेखक को लागत और पाठक को पुस्तक मिशन उसी सार्थक कड़ी की मुहिम है। कार्यक्रम अध्यक्ष नगरपरिषद के पूर्व सभापति एवं महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामगोपाल बहड़ ने कहा कि पुस्तकों से जुड़ना और प्रो. धारीवाल को याद करना दोनों ही क्षण गर्व भरे हैं।

शिक्षाविद् प्रो. नौरत्नचंद धारीवाल की जयंती पर आयोजित हुए उक्त कार्यक्रम में धारीवाल परिवार द्वारा प्रयास संस्थान के माध्यम से चूरू अंचल के लेखकों से अस्सी हजार रुपये मूल्य की पुस्तकें क्रय कर महाविद्यालय के पुस्तकालय को भेंट की गईं। महाविद्यालय प्राचार्य आशा कोठारी को प्रयास संस्थान के अध्यक्ष और राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण एवं पूर्व आईएएस सुनील धारीवाल ने पुस्तकें भेंट की। अंचल के साहित्यकार अशोक अनुराग, स्नेहलता शर्मा, राजेंद्र मुसाफिर, किशोर कुमार निर्वाण, आशीष गौतम, डॉ. बजरंग बगड़िया, मंगल व्यास भारती आदि ने अपनी पुस्तकें मंच से प्रयास को दी और ऑनलाइन मूल्य प्राप्त किया।

प्रो. धारीवाल के चित्र पर पुष्पाजंलि से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन प्रयास संस्थान के अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण ने दिया और योजना के विषय में बताया। कार्यक्रम में इंजीनियर सोहनलाल फगेड़िया, एडवोकेट बजरंगलाल शर्मा, संतोष मासूम, श्यामसुंदर शर्मा, के. आर. पाटवाल, सुभाष मेघवाल, अशोक कुमार डूडी, प्रो. हिमांश महला, डॉ. कृष्णा जाखड़, श्रेयांश धारीवाल आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। धन्यवाद महाविद्यालय की प्राचार्य आशा कोठारी ने दिया।

जेवर व नकदी चोरी

उदयपुर, (निसं)। डबोक थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ सूने मकान से जेवर व नकदी चुराने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित लिलेस दास पुत्र हिम्मतदास निवासी भवरासिया ने डबोक पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 23 सितंबर को मैं मकान पर ताला लगाकर पास ही गांव में गवरी देखने के लिए गया था। वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। इस पर तलाशी ली तो करीब 3 लाख रूपये नकदी, सोने का मंगलसूत्र, कान के झुमके, चांदी की पायल, कंदोरा बिछिया गायब थी।

अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में दो बंदियों ने निगरानी कैमरे तोड़े

अजमेर, (निसं)। अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल में बंद दो बंदियों द्वारा अपने-अपने बैरक में लगे निगरानी कैमरों को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। जेल प्रशासन की जांच में दोनों कैमरों के टूटे हुए हिस्से बैरक के ऊपर स्थित छत से बरामद हुए। मामले में जेल प्रशासन की ओर से सिविल लाइंस थाना पुलिस को शिकायत दी गई, जिसके आधार पर दोनों बंदियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

जेल प्रशासन की रिपोर्ट के मुताबिक, 22 सितंबर की रात बैरक नंबर-1 के ब्लॉक नंबर-1 में स्थित सेल नंबर 3 और सेल नंबर 5 के निगरानी कैमरे अपनी जगह पर नहीं मिले। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो दोनों कैमरे गायब थे। इसके बाद आसपास के हिस्सों की तलाशी ली गई, जहां बैरक की छत पर कैमरों के टूटे हुए हिस्से मिले। जेल के नियंत्रण कक्ष में उपलब्ध पुरानी रिकॉर्डिंग की जांच की गई। फुटेज में सामने आया कि सेल नंबर-3 में बंद सुमित कुमार ने निगरानी कैमरे को नुकसान पहुंचाने के लिए पत्थर का इस्तेमाल किया। रिकॉर्डिंग में वह सेल के शौचालय की दीवार पर चढ़ता हुआ भी दिखाई दिया। जेल प्रशासन के अनुसार, 4 सितंबर की सुबह करीब 7 बजकर 15 मिनट तक सेल नंबर-3 का कैमरा काम कर रहा था। इसके बाद उसकी रिकॉर्डिंग बंद हो गई। इसी तरह सेल नंबर-5 में लगा कैमरा भी सुबह करीब 7 बजकर 12 मिनट तक रिकॉर्डिंग करता दिखाई दिया। रिकॉर्डिंग में सुमित कुमार के हाथ में पत्थर दिखाई देने और उसे निगरानी कैमरे की दिशा में फेंकने की बात सामने आई है। इसके बाद दूसरा बंदी रामबीर पुत्र सत्यवीर भी सेल में आता दिखाई देता है। कुछ देर बाद सुमित कुमार शौचालय की दीवार पर चढ़कर कैमरे तक पहुंचने का प्रयास करता नजर आया। इसके बाद कैमरे की रिकॉर्डिंग बंद हो गई। जेल प्रशासन ने दोनों बंदियों पर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तथा जेल प्रशासन के काम में बाधा डालने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब पूरे घटनाक्रम की जांच के साथ-साथ कैमरों को क्षितग्रस्त करने के पीछे की वजह और दोनों बंदियों की भूमिका की पड़ताल कर रही है।

- बैरक की छत पर मिले कैमरों के टूटे हिस्से, मामला दर्ज

लॉरेंस गैंग के निशाने पर सिरोही के पूर्व विधायक संयम लोढ़ा, दो इनामी शूटर ारिफ्तार

आरोपियों के मोबाइल से लोढ़ा की तस्वीरें और रेकी के सबूत मिले

जालोर, (निसं)। सिरोही कांग्रेस के पूर्व विधायक संयम लोढ़ा को निशाना बनाने की साजिश का खुलासा करते हुए जोधपुर पुलिस ने लॉरेंस गैंग के दो शूटरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के मोबाइल से लोढ़ा की तस्वीरें और उनकी रेकी किए जाने के सबूत मिले हैं।

जानकारी के अनुसार राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स और जोधपुर पुलिस की संयुक्त पूछताछ में लॉरेंस गिरोह की ओर से सिरोही के पूर्व विधायक संयम लोढ़ा को निशाना बनाने की साजिश का खुलासा हुआ है। पुलिस ने पंजाब पुलिस की ओर से पांच-पांच लाख रुपये के इनामी दो शूटरों जसकरण सिंह उर्फ करण और राजिंदर उर्फ बिल्ला को गिरफ्तार किया है। दोनों के मोबाइल फोन से पूर्व विधायक लोढा की तस्वीरें बरामद हुई हैं। पुलिस के अनुसार शूटरों ने सिरोही स्थित लोढ़ा के फार्म हाउस की कई दिनों तक रेकी की थी। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों शूटरों ने सिरोही में पूर्व विधायक के फार्म हाउस के पास स्थित पहाड़ी पर अपना ठिकाना बनाया था। यहां से वे लोढ़ा के आने-जाने के समय, उनकी गतिविधियों और उनसे मिलने आने वाले लोगों पर नजर रखते थे। उन्होंने वारदात के बाद भागने के लिए सुनसान इलाकों और पहाड़ी रास्तों की भी रेकी की। पूछताछ में आरोपियों ने दावा किया कि पूर्व विधायक लोढा और उनके भाई के बीच वैचारिक मतभेद थे और इसी वजह से उन्हें निशाना बनाने की योजना बनाई गई। हालांकि पुलिस इस दावे की पुष्टि के लिए अभी जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार निकाय चुनाव के दौरान फार्म हाउस पर पार्षदों और समर्थकों की आवाजाही बढ़ गई थी। इस वजह से शूटरों को वारदात का मौका नहीं मिल सका और उनकी योजना सफल नहीं हो पाये। सिरोही के पूर्व विधायक संयम लोढ़ा की हत्या की साजिश के बाद उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

- पुलिस के अनुसार शूटरों ने सिरोही स्थित लोढ़ा के फार्म हाउस की कई दिनों तक रेकी की थी, पूर्व विधायक के फार्म हाउस के पास स्थित पहाड़ी पर अपना ठिकाना बनाया था।
- पुलिस ने पंजाब पुलिस की ओर से पांच-पांच लाख रुपये के इनामी दो शूटरों जसकरण सिंह उर्फ करण और राजिंदर उर्फ बिल्ला को दबोचा

विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत पक्के आवास की स्वीकृति मिली

जयपुर। किसी परिवार के लिए पक्का घर सिर्फ ईंट और सीमेंट की चारदीवारी नहीं, बल्कि सुरक्षा, सम्मान और बेहतर भविष्य का भरोसा होता है। वर्षों से कच्चे और जर्जर मकान में रह रही जोधपुर जिले के डांगियावास की सुगरी पत्नी जस्सा राम के लिए यह सपना अब वास्तविकता में बदलने को है। विकसित भारत-जन सेवा अभियान 2026 में आयोजित विशेष शिविर में उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में पक्के आवास की स्वीकृति मिली। सुगरी के लिए यह केवल एक सरकारी स्वीकृति नहीं बल्कि एक ऐसी नई शुरुआत है, जिसकी प्रतीक्षा उनके परिवार ने वर्षों से की थी। अब तक मानसून में छत से रिसता पानी, गर्मी में टूटी खिड़की से आती लू और दिसम्बर-जनवरी की शीत लहर, हर मौसम यातना था।

- शिविर में गोरधन राम के लिए भी वर्षों पुरानी समस्या के समाधान का रास्ता खुला

जन सेवा शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में सुगरी को लाभ मिला।

डांगियावास का यह शिविर केवल योजनाओं की जानकारी देने तक सीमित नहीं रहा बल्कि आमजन की समस्याओं और उनके वास्तविक समाधान करने का मंच भी बना। एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएँ उपलब्ध होने से ग्रामीणों को संबंधित कार्यालयों तक जाने की परेशानी कम हुई और मौके पर ही प्रकरणों के निस्तारण की कार्यवाही की गई। इसी शिविर में गोरधन राम पुत्र कंवराराम के लिए भी वर्षों पुरानी समस्या के समाधान का रास्ता खुला। उनके खसरा संख्या 172 एवं 180 के हिस्से में दर्ज अशुद्धि के संबंध में राजस्व विभाग द्वारा आवश्यक प्रपत्र तैयार कर मौके पर ही शुद्धीकरण की कार्यवाही की गई।

एक ओर सुगरी को सुरक्षित आवास की दिशा में कदम मिला, तो दूसरी ओर गोरधन राम को भूमि अभिलेख से जुड़ी समस्या से राहत मिली। उल्लेखनीय है कि भजनलाल सरकार 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत प्रदेशभर में विभिन्न गतिविधियों के साथ सेवा सेतु शिविरों का आयोजन कर रही है। अभियान का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाने, पात्र लोगों को योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं से जोड़ने और स्थानीय स्तर पर लंबित प्रकरणों एवं परिवेदनाओं के निस्तारण को गति देना है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अभियान में विभागों के समन्वय और सेवा सेतु शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

अलवर के जिला अस्पताल में मरीज की मौत

अलवर, (निसं)। अलवर के जिला अस्पताल में गुरुवार रात मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने ड्यूटी डॉक्टर और स्टाफ पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि तबीयत बिगड़ने के दौरान बार-बार मदद मांगने के बावजूद मरीज को समय पर उपचार नहीं मिला।

जानकारी के अनुसार दीवान जी का बाग निवासी निर्मल को पिछले तीन दिनों से बुखार था। गुरुवार शाम अचानक तबीयत ज्यादा खराब होने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां जांच के बाद उसे मेल सर्जिकल वार्ड में भर्ती किया गया। परिजनों का आरोप है कि वार्ड में मरीज को देखने पहुंचे डॉक्टर के कानों में ईयरबड्स लगे हुए थे। उनका कहना है कि डॉक्टर ने मरीज को ठीक से नहीं देखा और इंजेक्शन लगाने के बाद वहां से चले गए। कुछ देर बाद मरीज की तबीयत और ज्यादा बिगड़ गई। इसके बाद परिजन वार्ड में मौजूद स्टाफ से मरीज को संभालने और इलाज करने की लगातार गुहार लगाते रहे। परिजनों के मुताबिक, मरीज की हालत बिगड़ने के दौरान भी समय पर पर्याप्त चिकित्सा सहायता नहीं मिली। इसी दौरान परिजनों ने घटनाक्रम का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। आरोप है कि वार्ड में मौजूद एक स्टाफकर्मी ने उन्हें धमकाया और मोबाइल फोन छीनने का प्रयास किया।

तिरंगा योजना को आठ साल बीतने के बाद भी भरतपुर स्टेशन पर नहीं लहराया तिरंगा

भरतपुर के आसपास के कई प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर 100 फीट या बड़े राष्ट्रीय ध्वज पहले से लगाए जा चुके हैं

भरतपुर, (निसं)। देश के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज लगाने की पहल शुरू हुए करीब आठ वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन भरतपुर रेलवे स्टेशन के बाहर आज भी तिरंगे का इंतजार खत्म नहीं हुआ है। सबसे हैरानी की बात यह है कि भरतपुर स्टेशन पर 100 फीट ऊंचे तिरंगे के लिए फाउंडेशन तैयार हुए भी करीब साढ़े तीन वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आज तक उस पर राष्ट्रीय ध्वज नहीं लगाया जा सका है। जिस स्थान पर राष्ट्रीय ध्वज को शान से लहराना था, वहां पोल तो दिखाई देता है, लेकिन उस पर तिरंगा नहीं है।

समाजसेवी राहुल मदेरणा ने बताया कि भरतपुर के आसपास के कई प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर 100 फीट या बड़े राष्ट्रीय ध्वज पहले से लगाए जा चुके हैं। धौलपुर, मुरैना, आगरा, ग्वालियर, मथुरा-वृंदावन और दौसा जैसे आसपास के क्षेत्रों के स्टेशनों पर राष्ट्रीय ध्वज नजर आता है। भरतपुर केवल एक सामान्य रेलवे स्टेशन नहीं है। यह संभाग मुख्यालय होने के साथ-साथ क्षेत्र का महत्वपूर्ण रेलवे केंद्र है। इसके बावजूद स्टेशन के बाहर वर्षों से तिरंगे का पोल खाली खड़ा रहना लोगों के लिए आश्चर्य का विषय बना हुआ है।

- रेलवे स्टेशन के बाहर वर्षों से तिरंगे का पोल खाली खड़ा रहना लोगों के लिए आश्चर्य का विषय बना हुआ है
- रेलवे की ओर से प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर विशाल राष्ट्रीय ध्वज लगाने की पहल वर्ष 2018 में शुरू की गई थी

मदेरणा ने कहा कि भरतपुर देश-विदेश के पर्यटकों के लिए महत्वपूर्ण पर्यटन केंद्र है। दिल्ली, आगरा और जयपुर को जोड़ने वाले लोकप्रिय गोल्डन ट्रायंगल पर्यटन सर्किट में भी भरतपुर का महत्वपूर्ण स्थान है। रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले विदेशी पर्यटकों के साथ देश के अलग-अलग हिस्सों से आने वाले पर्यटक और भरतपुर से बाहर काम करने वाले स्थानीय लोग भी स्टेशन से गुजरते हैं। ऐसे में स्टेशन पर तैयार 100 फीट का पोल लेकिन उस पर तिरंगे का ना होना लोगों को खटकता है।

मदेरणा ने बताया कि रेलवे की ओर से प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर विशाल राष्ट्रीय ध्वज लगाने की पहल वर्ष 2018 में शुरू की गई थी। इसके पीछे सार्वजनिक स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज को प्रमुखता देना और यात्रियों में राष्ट्रीय गौरव एवं देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना उद्देश्य था। ऐसे में भरतपुर में वर्ष 2023 में तिरंगे के लिए फाउंडेशन तैयार होने के बाद भी वर्षों तक काम पूरा नहीं होना कई सवाल खड़े करता है।

भरतपुर निवासी राहुल मदेरणा ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि भरतपुर जैसे महत्वपूर्ण शहर के रेलवे स्टेशन के बाहर तिरंगे के लिए पोल और फाउंडेशन तैयार होने के बावजूद वर्षों तक उस पर झंडा नहीं लगना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य रेलवे और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना है ताकि वर्षों से अधूरा पड़ा यह काम पूरा हो और भरतपुर रेलवे स्टेशन के बाहर भी राष्ट्रीय ध्वज सम्मान के साथ लहराता दिखाई दे। उनकी मांग है कि रेलवे इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द पूरा करे और भरतपुर रेलवे स्टेशन पर 100 फीट ऊंचे पोल पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए।

विधायक बराला ने आष्टीकलाँ में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया

चौमूं / कालाडेरा। चौमूं विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत आष्टीकलाँ में शुक्रवार को विभिन्न जनहित से जुड़े विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए। विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने क्षेत्र में करवाए गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर ग्रामीणों को विकास की महत्वपूर्ण सौगात प्रदान की।

ग्राम पंचायत आष्टीकलाँ में विधायक कोष से 20 लाख की लागत से निर्मित सीसी रोड एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकार्पण किया गया। वहीं राज्य बजट में स्वीकृत 60 लाख की लागत से खेल मैदान से लुंगती वाले बालाजी होते हुए बांगड़ा बास की सीमा की ओर निर्मित 2 किलोमीटर डामर सड़क का भी लोकार्पण किया गया। यह सड़क ग्रामीणों की लम्बे समय से चली आ रही मांग थी, जिसके पूरा होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।

चौमूं में आष्टीकलाँ में विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने सीसी रोड एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकार्पण किया।

इसके साथ ही सांसद कोष से 24 लाख की लागत से राउमावि आष्टीकलाँ में निर्मित चारदीवारी का लोकार्पण किया गया। इन विकास कार्यों से गांव में सड़क, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़ी आधारभूत सुविधाओं को और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने कहा कि चौमूं विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण एवं संतुलित विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क,

■ 60 लाख की लागत से खेल मैदान से लुंगती वाले बालाजी होते हुए बांगड़ा बास की सीमा की ओर निर्मित 2 किलोमीटर डामर सड़क का भी लोकार्पण किया

स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य बजट में स्वीकृत विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के साथ-साथ विधायक कोष एवं अन्य माध्यमों से भी क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। जनहित से जुड़े विकास कार्यों का यह सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष गिरिराज देवंदा, प्रशासक संतोष देवी, सांवरमल बोचल्या, पूर्व प्रधान भगवान सहाय धौंसिल, कृष्णदत्त शर्मा, गोगराज देवंदा, बाबूलाल गढ़वाल, पूर्व सरपंच गोपीराम घोसलिया, रामपाल पिंगोलिया, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल गढ़वाल, मंडल अध्यक्ष रामकरण यादव, पूर्व सरपंच प्रभाती लाल यादव, अशोक कुमावत, एडवोकेट महेन्द्र चौधरी, हरि टोडावता, सूरजमल देवंदा, सेवाराम मावलिया, मलजी गढ़वाल, सुरेन्द्र कुमावत, लालचंद गौरा, लालचंद कुमावत, महावीर सिंह सहित जनप्रतिनिधि, कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने क्षेत्र में करवाए गए विकास कार्यों के लिए विधायक डॉ. शिखा मील बराला का आभार व्यक्त किया।

'वर्क पेंडेंसी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं'

पावटा। उपखण्ड अधिकारी कार्यालय विराटनगर में शुक्रवार को उपखण्ड अधिकारी लालाराम यादव की अध्यक्षता में राजस्व एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक का आयोजन दो चरणों में किया गया, जिसमें अधिकारियों को लंबित कार्यों के त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए।

दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक तहसीलदार एवं समस्त राजस्व कार्मिकों के साथ आयोजित बैठक में एसडीएम ने वर्क पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजकार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी कार्मिक अपने दायित्वों का गंभीरता एवं समयबद्धता के साथ निर्वहन करें। इसके बाद शाम 5 बजे से 6 बजे तक सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

सार-समाचार

राजगढ़ पालिका नवनिर्वाचित अध्यक्ष रेखा देवी सैनी ने कार्यभार संभाला

राजगढ़। राजगढ़ कस्बे की नगर पालिका में नवनिर्वाचित अध्यक्ष रेखा देवी सैनी ने शुक्रवार को दोपहर करीब 1 बजे पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व नवनिर्वाचित अध्यक्ष रेखा देवी, उपाध्यक्ष सर्वेश सैनी, के नेतृत्व में नवनिर्वाचित सभी पार्षदों का अभिनंदन किया गया। इस दौरान नगर पालिका राजगढ़ के पूर्व अध्यक्षों का स्वागत सम्मान किया गया। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विक्रांत शर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष रेखा देवी एवं उपाध्यक्ष सर्वेश सैनी का अभिनंदन किया। इस अवसर पर रेखा देवी सैनी ने राजगढ़ क्षेत्र में बिजली पानी एवं सफाई की समस्या के समाधान को प्रमुख वरीयता देने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता बना राम मीणा, मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, उपखंड अधिकारी सीमा मीणा, अधिशासी अधिकारी विक्रांत शर्मा, सांसद प्रतिनिधि उज्जवल, एवं प्रमुख संस्थाओं के अध्यक्ष, सामाजिक एवं व्यापारिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, सहित कस्बे के प्रमुख लोग मौजूद रहे।

भरतपुर में ट्रेन की चपेट में आने से 26 वर्षीय युवक की मौत

भरतपुर। भरतपुर के उद्योग नगर थाना इलाके में जघीना रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। रात करीब 3 बजे रेलवे ट्रैक पर युवक का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान जघीना निवासी 26 वर्षीय राजेंद्र के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार जघीना निवासी राजेंद्र रात करीब 11 बजे खाना खाने के बाद घर से घूमने के लिए निकला था। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। परिजनों ने रातभर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसी दौरान उद्योग नगर थाना पुलिस को जघीना रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस की सूचना के बाद परिजन भी मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने शव की पहचान राजेंद्र के रूप में की। पुलिस के अनुसार युवक के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद होगी। उद्योग नगर थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

नेत्र शिविर आयोजित

कोटपूतली। निकटवर्ती ग्राम मलपुरा स्थित रिवाला धाम मंदिर में स्व. राजेंद्र प्रसाद हिंदू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं विशाल नेत्र जांच व ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में करीब 200 मरीजों की नेत्र जांच की गई, जबकि 45 मरीजों के ऑपरेशन की तिथि निर्धारित की गई। जिनके ऑपरेशन मिश्री देवी हॉस्पिटल में होंगे। स्वामी गणेशानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने राजेंद्र प्रसाद हिंदू को समाजसेवी, शिक्षाविद् एवं परमार्थी व्यक्तित्व बताते हुए उनके समाजसेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को याद किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि राधा पटेल, कैलाश दास महाराज, अनिल आचार्य, श्रीराम सरपंच, सुमेर राठी, पूरणमल भरगड़, एसीबीईओ पूरण कसाना, आशा बगड़िया, राजपाल डोई, धर्मपाल सरपंच, राजेंद्र सरपंच सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। परिवारजनों, एलिट ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। अतिथियों का साफा बांधकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर चल रही 70 वीं खो-खो प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रतियोगिता का समापन 26 सितंबर को होगा।

कनेसर में तेजाजी महाराज का दो दिवसीय मेला शुरू

निवाई। गांव कनेसर में स्थित प्रसिद्ध तेजाजी धाम पर वीर शिरोमणि तेजाजी महाराज का दो दिवसीय विशाल मेले का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मेले को लेकर रात्रि जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें पूरी रात तेजाजी के जयकारों से कनेसर की धरा गूंजती रही। मेला समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गौतम एवं समाजसेवी राजेश कनेसर ने बताया कि मेले को लेकर आयोजित विशाल जागरण में बासखो, मित्रपुरा, बौंली, छांदेल, केशवपुरा, कोटखावदा, काचरिया, सूर्या, बासड़ा, हनोतिया, राहोली, फागी, सेदरिया, कौथून, श्यामपुरा कला, चैनपुरा, गोपालपुरा, सुरसरा, डागरथल, पहाड़ी, गुंसी, चनानी, हरभावता, बिडोली, बालापुरा व झिलाय सहित दर्जनों गांवों की तेजा भजन मंडलियों ने वीर तेजाजी की महिमा का गुणगान किया। श्रद्धालुओं ने तेजाजी महाराज के दरबार में धोक लगाकर क्षेत्र में सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। तेजाजी के घोड़ले द्वारा दुखियारों व पशुओं के पाती बांधकर उनका इलाज किया गया। तेजाजी की घोड़ी का सजीव नृत्य रात भर आकर्षण का मुख्य केंद्र बना रहा।

विभिन्न कैंटीनों व रेस्टोरेंट से खाद्य पदार्थ के लिए नमूने लिये

टोंक। खाद्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिले में चिकित्सा संस्थानों में संचालित कैंटीनों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी व उनकी टीम ने निरीक्षण कर नमूना संग्रह की कार्यवाही की है। इस दौरान टीम ने शहर स्थित माही हॉस्पिटल व जयपुर आई हॉस्पिटल के आस पास संचालित कैंटीनों व रेस्टोरेंट पंडित पवित्र भोजनालय से खाद्य पदार्थ नमकीन व पनीर का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाया, वहीं पंढरपुरी चाय कंपू एरिया का निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों पर कई प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के अंतर्गत इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार अभियान के मालपुरा क्षेत्र स्थित केंद्रीय भेड़ एवं अनुसंधान केंद्र, अविका नगर, परिसर में संचालित कैंटीनों की रसोई का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच की। इसके साथ ही परिसर में स्थित डिस्पेंसरी के पास संचालित रेस्टोरेंट एवं किराना स्टोर से अलग-अलग खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। इनमें घी, श्री अमृत/अन्य पैक्ड खाद्य सामग्री, स्वागत ब्रांड की नमकीन तथा सास केसरी चाय के नमूने शामिल हैं।

तीन दिवसीय 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' का शुभारंभ

कोटपूतली। 'विकसित भारत जन सेवा अभियान' के अंतर्गत जिले में तीन दिवसीय 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' का शुक्रवार को उत्साहपूर्वक शुभारंभ हुआ। 25 से 27 सितम्बर तक आयोजित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर जिले के 486 आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, आगामी दिनों में जिले के सभी 1263 आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा सहयोगिनियों के योगदान को सम्मानित करने के साथ ही समुदाय के साथ उनके जुड़ाव को और मजबूत करना है। कार्यक्रम के दौरान सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा सहयोगिनियों को माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा के लिए लिखे गए पत्र तथा प्लांटर भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मानदेय कार्मिकों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज एवं सरकार के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बताया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक तेजप्रकाश अग्निहोत्री ने ग्राम पंचायत नारेहड़ा, चिमनपुरा एवं पूरनगर के आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा कर कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा सहयोगिनियों से संवाद करते हुए विभाग की ओर से उन्हें प्रशंसा पत्र प्रदान किए।

पावटा में सेवा भाव के साथ विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया

पावटा। उपजिला अस्पताल पावटा में विश्व फार्मासिस्ट दिवस सेवा भाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि कुमार बंसल सहित चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ ने सभी फार्मासिस्ट साथियों को विश्व फार्मासिस्ट दिवस की शुभकामनाएं दीं।

■ पावटा उप जिला अस्पताल में फार्मासिस्टों ने जाना मरीजों का हाल, सुरक्षित दवा सेवन के प्रति जागरूक किया

कार्यक्रम के दौरान पीएमओ डॉ. रवि कुमार बंसल की मौजूदगी में फार्मासिस्ट टीम ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों की कुशलक्षेम जानी। इस दौरान मरीजों को फल वितरित किए गए तथा उन्हें दवाओं के सही एवं सुरक्षित सेवन के संबंध में आवश्यक जानकारी देकर जागरूक किया गया। पीएमओ डॉ. रवि कुमार बंसल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में फार्मासिस्टों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। अनुसार मरीजों तक सही दवा पहुंचाने, दवाओं के सुरक्षित प्रबंधन तथा मरीजों को दवा के उचित सेवन की जानकारी देने में फार्मासिस्ट स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल स्टाफ ने फार्मासिस्टों के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उनके समर्पण को स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूती बताया। कार्यक्रम में प्रमुख विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा, जय कुमार, संदीप सिंह तंवर, अंजली सांवरिया, दिनेश स्वामी, पुरुषोत्तम योगी, दिनेश गुर्जर, मालीराम गुर्जर, विजय लक्ष्मी, सुनील नायक एवं मुकेश जाट सहित समस्त अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

चौमूं में प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप की राशि के चेक वितरित किए

चौमूं/कालाडेरा। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेलवे स्टेशन, चौमूं के प्रांगण में आयोजित भव्य कार्यक्रम के अंतर्गत श्री एस. के. पोद्दार स्कॉलरशिप 2026 का भामाशाह व मयूर फाउंडेशन की ट्रस्टी श्रीमती किरण पोद्दार एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कृपा निधि त्रिवेदी के आतिथ्य में वितरण किया गया इस कार्यक्रम के तहत गोविन्दगढ़ ब्लॉक के 10 राजकीय विद्यालयों के 22 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप व 6 शिक्षकों को सपरिवार भ्रमण यात्रा हेतु कुल 16 लाख 82 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की गई जिसके अंतर्गत मोरीजा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की निकिता मीणा को एक लाख इक्यावन हजार रुपए, इटावा भोपजी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के कृष्ण कुमार

विद्यार्थियों को माता-पिता व विद्यालय प्रतिनिधियों के साथ माल्यार्पण कर व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।

सैनी, सिंगोदकला की आरती कंवर व राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चौमूं की हिमांशी सोनी को एक-एक लाख रुपए, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जैतपुरा की रीना यादव व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की किरण सैनी को इक्यावन-इक्यावन हजार रुपए सहित 22 विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप की राशि के चेक वितरित किए गए।

उन्होंने विश्वास दिलाया की प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहन में सदैव सहयोग दिया जाएगा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कृपा निधि त्रिवेदी ने क्षेत्र की सबसे बड़ी स्कूल स्कॉलरशिप तथा विद्यालयों के सर्वांगीण विकास में सहयोग करने, विद्यार्थियों को प्रेरित व प्रोत्साहित करने के लिए पोद्दार परिवार का आभार व्यक्त किया पीएम श्री के उपप्राचार्य महेश कुमार शर्मा ने बताया की विद्यार्थियों को माता-पिता व विद्यालय प्रतिनिधियों के साथ माल्यार्पण कर व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान सीएस आर हेड मुकेश कुमार सिंह, विष्णु कुमार शर्मा, सिंगोदकला प्रधानाचार्य रमेश बुटोलिया, मोरीजा उपप्राचार्य मुकेश हाटवाल, प्रशासनिक अधिकारी रमाकांत शर्मा सहित विद्यार्थी, अभिभावक व शिक्षक मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन उपप्राचार्य संगीता शर्मा व सुनीता चौधरी ने किया।

अलवर नगर निगम की पहली महापौर सुमनलता ने पदभार सम्भाला

अलवर। अलवरकी जनता जो मुराद भगवान से मांगी थी वो कबूल हो गई है यानि की शुक्रवार को अलवर की प्रथम महापौर सुमन लता अग्रवाल ने पदभार ग्रहण कर लिया है अब अलवर का विकास महापौर पति अजय अग्रवाल के विजन पर होगा वो दिन दूर नही जब अलवर फर्जी तरीके से सफाई रैंकिग में अव्वल नही आने वाला अब यहा महापौर और उप महापौर वो शक्ति है जो शहर का सम्पूर्ण विकास कराने का माद्दा रखते है यहां लूट-खसोट की कोई गुंजाइश नही हर काम समय अवधि में पूरा होगा।

अलवर की प्रथम महापौर सुमन लता अग्रवाल ने पदभार ग्रहण किया।

अलवर नगर निगम की पहली महापौर के रूप में भाजपा की सुमनलता अग्रवाल ने शुक्रवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया। महापौर के चेंबर में पहुंचने के बाद उन्होंने कुर्सी पर बैठने से पहले पूजा-अर्चना की। पंडित ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा कराई। इसके बाद सुमनलता अग्रवाल ने महापौर की कुर्सी संभाली। मौके पर मौजूद लोगों ने मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी और खुशी मनाई।

पदभार ग्रहण के दौरान महापौर के चेंबर में महिलाओं की खासी भीड़ रही। समर्थकों और परिचितों ने भी उन्हें बधाई दी। नगर निगम में पहली बार महापौर का पद संभालने के साथ ही सुमनलता अग्रवाल के सामने अब शहर से जुड़े कई मुद्दों पर काम करने की जिम्मेदारी होगी। इससे पहले 21 सितंबर को हुए अलवर नगर निगम के पहले महापौर चुनाव में सुमनलता अग्रवाल ने कांग्रेस की कमलेश शर्मा को हराया था। चुनाव में सुमनलता अग्रवाल को 42 वोट मिले, जबकि कमलेश शर्मा को 23 वोट मिले। 65 सदस्यीय नगर निगम में महापौर बनने के लिए 33 वोट जरूरी थे। चुनाव से पहले भाजपा के 28, कांग्रेस के 23, निर्दलीय 13 और बसपा का एक पार्षद था। चुनाव परिणाम के बाद सुमनलता अग्रवाल के महापौर बनने के साथ अलवर नगर निगम में भाजपा का बोर्ड बना।

सुमनलता अग्रवाल वार्ड 7 से पार्षद चुनी गई थीं। महापौर चुनाव के दौरान भाजपा के पास अपने दम पर बहुमत नहीं था, ऐसे में निर्दलीय पार्षदों और बसपा पार्षद का समर्थन महत्वपूर्ण रहा। परिणाम में भाजपा प्रत्याशी को 42 वोट मिले, जो भाजपा के 28 पार्षदों की संख्या से अधिक थे।

अब पदभार ग्रहण करने के बाद नगर निगम के कामकाज और शहर में विकास कार्यों को लेकर महापौर की भूमिका अहम रहेगी।

विकसित भारत में युवाओं की भगीदारी पर विचार साझा किए

भरतपुर। विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से लाईव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिसमें जिलेभर के युवाओं ने भाग लेकर संवाद में भगीदारी निभाते हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए युवाओं के विचारों को सुना। राज्यसभा सांसद एवं अध्यक्ष नितिन नवीन के मुख्य अतिथ्य एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के युवाओं ने विकसित राजस्थान एवं विकसित भारत के लिए किए जा रहे योगदान एवं नवाचारों की जानकारी देकर विचारों को साझा किया। इस अवसर पर युवाओं ने राज्यसभा सांसद नितिन नवीन, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राज्यसभा सांसद मदन राठौड के विचारों को सुना तथा सीधा संवाद किया। कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के महाविद्यालय, तकनीकी शिक्षण संस्थाओं, एनसीसी स्काउट के युवाओं ने उपस्थित रहकर विचार साझा किए। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन राजीव शर्मा, माई भारत के उपनिदेशक सुनील राना सहित शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जलाशय पर चढ़े युवक को उतारने गए पुलिसकर्मियों पर मधुमक्खियों का हमला

सांभरझील, (निसं)। सांभर के मुगल-सिंधी मोहल्ला स्थित जलदाय विभाग के उच्च जलाशय पर शुक्रवार की सुबह करीब 7:00 बजे एक युवक को आसपास के लोगों ने चढ़े हुए देखा। युवक टंकी पर चारों ओर घूम रहा था, कभी रेलिंग को पकड़कर नीचे की ओर झुक रहा था तो कभी नीचे बैठ जाता। आसपास के लोगों ने युवक की हरकत को देखा तो वे भौचक्के हो गए। युवक टंकी पर से कहीं गिर न जाए तो लोगों ने आवाज लगाकर नीचे उतरने की गुहार लगाई। युवक कभी नीचे लेट जाता तो कभी रेलिंग को पकड़ कर लटकने की कोशिश करता, इसको देखकर लोगों का कलेजा मुंह तक आ गया।

■ मधुमक्खियों के हमले में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए जिनका उप जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया

जानकारी मिलने पर वार्ड 13 के पार्षद अपना जरूरी काम छोड़कर प्रकाश सोनी भी मौके पर पहुंचे। मौके की नजाकत को देखकर तुरंत प्रभाव से सांभर पुलिस को घटना की इत्तिला दी गई। मौके पर करीब पांच पुलिसकर्मी पहुंचे, जिन्होंने भी युवक को नीचे उतरने के लिए कई दफा आवाज लगाई, लेकिन युवक नीचे उतरने को ही राजी नहीं हुआ। उसकी हरकत से किसी अनहोनी घटना को ध्यान में रखते हुए जांबाज पुलिसकर्मियों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए टंकी पर गुपचुप चढ़ाई की व टंकी पर बैठे युवक की टांग पकड़ ली। पुलिस कर्मियों के लिए यह किसी चैलेंज से कम नहीं था, क्योंकि टंकी पर चार मोटे-मोटे मधुमक्खियों (भंवरा मक्खी) के छत्ते लटके हुए थे, जिनके आसपास थोड़ी बहुत मधुमक्खियां भी मंडरा रही थी।

युवक की ओर से ऐसी हरकत की गई की मधुमक्खियां छत्तों से बाहर निकलकर पुलिसकर्मियों पर टूट पड़ी, जैसे तैसे पुलिसकर्मी नीचे भाग कर आए और मधुमक्खियों से बचने के लिए युवक को साथ लेकर सड़क पर ही बचते हुए दौड़ने लगे। मधुमक्खियों ने भी उनका पीछा नहीं छोड़ा और उनके हमले में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिनका उप जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया। बताया जा रहा है कि युवक अर्ध विक्षिप्त है। युवक यहां कैसे आया और कहां का है पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया

कोटपूतली। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक अर्चित चतुर्वेदी एवं जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में संचालित सरकारी एवं निजी अस्पतालों तथा उनके पास संचालित कैंटीन, कैफेटेरिया, भोजनालय, रेस्टोरेंट एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण एवं नमूनीकरण जांच अभियान चलाया जा रहा है।

■ सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने एवं खाद्य पदार्थ खुले में पाए जाने पर प्रतिष्ठानों को दिए इम्प्रूवमेंट नोटिस

विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के जांच दल द्वारा 24 सितंबर को जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। दल द्वारा एकलव्य डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, कोटपूतली के मेस में निर्मित सब्जियों के नमूने लिए गए।

वहां साफ-सफाई संतोषजनक नहीं पाए जाने पर फर्म को इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया गया। इसी प्रकार कोटपूतली स्थित बीडीएम अस्पताल में संचालित बीडीएम कैंटीन का निरीक्षण किया गया, जहां साफ-सफाई संतोषजनक नहीं मिलने पर फर्म को इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया गया। कोटपूतली के आशीर्वाद अस्पताल के पास स्थित क्ल्यूज कोटपूतली कैफे रेस्टोरेंट का निरीक्षण कर दही एवं ग्रेवी के नमूने लिए गए तथा फर्म को इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया गया।

जांच दल द्वारा कृष्णा अस्पताल के पास स्थित स्टार होटल एंड रेस्टोरेंट का निरीक्षण कर खाद्य तेल का नमूना लिया गया। फर्म की रसोई में खाद्य पदार्थों का उचित रखरखाव नहीं होने एवं साफ-सफाई संतोषजनक नहीं पाए जाने पर इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया गया। कोटपूतली स्थित छीपा ढाबा एंड स्वीट्स का निरीक्षण कर बेसन लड्डू का नमूना लिया गया। यहां साफ-सफाई संतोषजनक नहीं पाए जाने एवं खाद्य पदार्थ खुले में बिना ढके पाए जाने पर फर्म को इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया गया।

मनोहरपुर में अर्जुन मोहनपुरिया ने चेयरमैन की कमान संभाली

मनोहरपुर। नगर पालिका मनोहरपुर के नवनिर्वाचित चेयरमैन अर्जुन मोहनपुरिया ने शुक्रवार को विधायक मनीष यादव की मौजूदगी में विधिवत रूप से पद ग्रहण किया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी शुभम गुप्ता ने उन्हें पदभार ग्रहण करवाया। इस दौरान नवनिर्वाचित वाइस चेयरमैन सुरज्ञान गुर्जर सहित पार्षद, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पदभार ग्रहण समारोह में उमड़ा जनसमर्थन, विकास को लेकर जनप्रतिनिधियों ने संकल्प लिया।

पदभार ग्रहण के अवसर पर विधायक मनीष यादव ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के विकास में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। सभी वार्डों में आवश्यकता और प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करना होगा। इस दौरान नवनिर्वाचित चेयरमैन अर्जुन मोहनपुरिया ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, उस विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

वहीं वाइस चेयरमैन सुरज्ञान गुर्जर ने कहा कि चेयरमैन, पार्षदों और अधिकारियों के साथ मिलकर नगर पालिका के विकास को गति देने के लिए पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने आमजन से भी विकास कार्यों में सहयोग की अपील की। इस दौरान नवनिर्वाचित पार्षदों ने नगर पालिका क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

■ चेयरमैन की कुर्सी संभालते ही अर्जुन का बड़ा संकल्प-हर वार्ड में होगा समान विकास

समारोह में धर्मवीर, रामजीलाल, बाबूलाल, गिरधारी, पंकज, कालू, सुनील, कानसिंह, विजय, गणेश, सुमन बेनीवाल, शमा बानो, शमा, कृष्णा रातावाल, ज्योति खजोतिया, रूखसाना, शशिकांत बेनीवाल, महेश, दिनेश, महावीर, अशोक, अंजना, सुनीता और कैलाश सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। समारोह के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष नाथु सैनी, पूर्व प्रधान नंदलाल गोठवाल, ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश गुर्जर, नगर अध्यक्ष अल्लादीन खान, नगर अध्यक्ष मुकेश खुडानिया, सेवादल नगर अध्यक्ष राकेश हलकारा, पूर्व पार्षद राजेंद्र पलसानिया, हेमचंद, ओमप्रकाश बागड़ी, रामनारायण सरपंच, धोलाराम, जितेंद्र शर्मा, बाबूलाल, इमरान, मुनीर मनियार, महेश, कैलाश, रवि, दीपक, जगदीश, हनुमान और राजू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

'मूलभूत सुविधाओं के लिए हाईकोर्ट से अपील करें'

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के डिस्ट्रिक्ट जज दिनेश गुप्ता को सलाह दी, जिन्होंने मूलभूत सुविधाओं के अभाव पर सुप्रीम कोर्ट में शिकायत की थी।

-विधि संवाददाता-

जयपुर, 25 सितंबर। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राजस्थान के जिला जज दिनेश गुप्ता की याचिका पर सुनवाई की। गुप्ता इस समय लेबर कोर्ट-कम-इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल के पीठासीन अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं और चार दिन बाद सेवानिवृत्त होने वाले हैं। उन्होंने अपनी अदालत में बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर शिकायत की थी।

■ **जस्टिस गुप्ता लेबर कोर्ट-इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल के प्रिसाइडिंग ऑफिसर हैं और चार दिन में रिटायर होने वाले हैं। उन्होंने याचिका में शिकायत की थी कि उनके पास ऑफिस और स्टेनोग्राफर तक नहीं है।**

सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की।

गुप्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने कहा कि गुप्ता राज्य के सबसे वरिष्ठ जिला जज हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें स्टेनोग्राफर और ऑफिस जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। सिंह ने अदालत को बताया, वह अभी भी रात के 2 बजे तक फैसले लिख रहे हैं। उन्होंने बताया कि न्यायिक अधिकारी को अपने काम को पूरा करने में किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सीजेआई ने कहा कि राज्य में हाल ही में नए मुख्य न्यायाधीश ने कार्यभार संभाला है। उन्होंने गुप्ता को सलाह दी कि वे अपनी शिकायतों को लेकर हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के सामने एक लिखित आवेदन दें।

सिंह ने अदालत से अनुरोध किया कि इस बात को उसके आदेश में दर्ज किया जाए। इसके बाद उन्होंने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। साथ ही उन्होंने यह स्वतंत्रता देने का अनुरोध किया कि वे अपनी सभी शिकायतों को लेकर संबंधित अथॉरिटी के पास जा सकें और उनके जल्द समाधान की मांग कर सकें।

150 पार्षदों के साथ मिलकर करेंगे जयपुर का विकास : महापौर सुनील कोठारी

जयपुर के नवनिर्वाचित महापौर सुनील कोठारी ने शुक्रवार शाम को नगर निगम मुख्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उनके परिवारजन और भाजपा नेता मौजूद थे।

■ **पदभार संभालते ही बोले कोठारी ''मजबूत विपक्ष से शहर को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी''**

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । नगर निगम जयपुर के महापौर चुनाव में 150 में से 89 वोट हासिल करके भाजपा उम्मीदवार सुनील जयपुर के नए मेयर बन गए हैं। शुक्रवार शाम को उन्होंने पदभार संभाला। इस दौरान बीजेपी विधायक कालीचरण सर्राफ, गोपाल शर्मा, कैलाश वर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, अशोक परनामी, सांसद मंजू शर्मा, पूर्व मेयर सौम्या गुर्जर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता पदभार ग्रहण समारोह में मौजूद रहे।

महापौर की जिम्मेदारी संभालने के बाद सुनील कोठारी ने मीडिया से कहा कि सभी 150 पार्षदों के साथ मिलकर जयपुर का विकास करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

उन्होंने कहा कि मजबूत विपक्ष से शहर को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। वैचारिक मतभेद हो सकता है, लेकिन सभी जयपुर का विकास चाहते है। इतिहास और परंपरा को आगे साथ लेकर जाएंगे। ऐसा शहर बनाएंगे, जो सपनों को उडान दे सके। जयपुर परकोटा एतिहासिक धरोहर बना रहे, इसको लेकर भी काम करेंगे। स्वच्छता पहली प्राथमिकता रहेगी। ज्ञात रहे कि सुनील कोठारी वार्ड 112 से पार्षद का चुनाव जीते थे। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी को करीब 900 वोटों के अंतर से हराया था। इससे पहले वे भाजपा जयपुर शहर अध्यक्ष, प्रदेश सचिव और प्रदेश उपाध्यक्ष जैसी जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 217/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री रणजीत जाट पुत्र श्री प्रभाती लाल एंव कैलाश चंदमान पुत्र श्री भगवानसहाय मान निवासी जयसिंहपुरा तहसील कोटपूतली जिला कोटपूतली-बहरोड ने राजस्थान ने सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत मंदिर श्री श्याम कलां मण्डल जयसिंहपुरा तहसील कोटपूतली जिला-कोटपूतली-बहरोड राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 23.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 27.11.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 228/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री देवेन्द्र कुमार पुत्र श्री लालाराम यादव निवासी भीटेडा, पोस्ट रिवाली तहसील बहरोड जिला कोटपूतली-बहरोड राजस्थान ने सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत श्री बाबा खेतानाथ धर्मार्थ ट्रस्ट ग्राम-भीटेडा तहसील बहरोड जिला कोटपूतली-बहरोड के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 23.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 27.11.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर

एक साल से फरार बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर पुलिस के तीन दिवसीय विशेष अभियान के तहत खोह नागोरियान थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट और जबरन रुपए ट्रांसफर कराने के मामले में एक साल से फरार चल रहे दो हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर स्मैक का सेवन करते एक युवक को भी पकड़ा और दो स्थाई वारंटों का निस्तारण किया।एडीसीपी पूर्व पारस जैन ने बताया कि पुलिस ने प्रकरण में वांछित अंकित मीणा (20) निवासी रामनगरिया जयपुर को बापर्दा गिरफ्तार किया। आरोपी पर दो हजार रुपए का इनाम घोषित था। इसी अभियान के तहत पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर स्मैक का सेवन करते कुश चतुर्वेदी (32) निवासी जामडोली, जयपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से स्मैक सेवन के उपकरण जब्त किया। इसके अलावा क्षेत्र में वांछित अपराधियों और स्थाई वारंटियों की धरपकड के दौरान दो स्थाई वारंटों का भी निस्तारण किया गया। कार्रवाई में थानाधिकारी सुनील गोदारा, एएसआई वींरेंद्र चौधरी, एएसआई जयपाल, एसआई मुकेश कुमार, एसआई रेखा चौधरी सहित पुलिसकर्मियों की भूमिका रही।

शॉर्टकट नहीं, मेहनत चुनें, राष्ट्र प्रथम की भावना रखें सर्वोपरि : नितिन नवीन

राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया युवाओं से संवाद

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद नितिन नवीन ने युवाओं से कहा कि देश के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करते हुए जीवन को सार्थक बनाना ही वास्तविक सफलता है। भले ही अच्छा इंजीनियर, डॉक्टर या व्यवसायी बनना महत्वपूर्ण है, लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण अच्छा इंसान और अच्छा नागरिक बनना है। उन्होंने युवाओं से हमेशा बड़ा विजन रखने और ऊंचा सोचने की अपील करते हुए कहा कि जिस भी काम को हाथ में लें, उसे पूरे समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ करें, तो सफलता मिलना निश्चित है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद नितिन नवीन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को जयपुर के बिड़ला सभागार में युवाओं से संवाद किया।

■ **युवाओं के सपनों की उडान में सरकार हर कदम पर साथ : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा**

सेवा संकल्प अभियान के तहत जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं में स्वयं की क्षमताओं पर भरोसा कर देश को आगे बढ़ाने का विश्वास जगाया है। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए देश के 140 करोड़ नागरिकों को एक साथ आगे बढ़ना होगा।

उन्होंने कहा कि जीवन में कभी शॉर्टकट को रास्ता नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन 100 मीटर की रेस नहीं, बल्कि लंबी दौड़ है। इसलिए जीवन में असफलता से घबराने के बजाय राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं से समाज के प्रति संवेदनशील रहते हुए राष्ट्र सेवा करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के निर्माण के लिए सबसे बड़ी ताकत देश का युवा है। युवा शक्ति परफॉर्म, रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के माध्यम से भविष्य बनाए। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार युवाओं को शिक्षा, कौशल, रोजगार, उद्यिमता, खेल और नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए लगातार नए अवसर उपलब्ध करवा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भी युवाओं के लिए राजस्थान युवा नीति तथा राज्य कौशल नीति जैसी कई पहल लागू की गई हैं। पिछले ढाई वर्ष में बिना पेपरलीक के अब तक 1 लाख 90 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां प्रदान की गई हैं। वहीं, 1 लाख 22 हजार पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के सपनों की उड़ान में हर कदम पर साथ खड़ी है। इस दौरान राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ सहित विभिन्न क्षेत्रों की युवा प्रतिभाएं और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। प्रदेशभर से युवा भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुडे।

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनूसूची संख्यांक 4
न्यायालय सदस्य अपीलीय अधिकरण स्थान जविप्रा जयपुर
श्रीमती रिशा खैराडी विरूद्ध जविप्रा व अन्य
वाद/प्रार्थना अपील
प्रार्थना-पत्र संख्या 35/25 सन्
नाम तारा चन्द पुत्र श्री नामालुम जाति....
R/o-67, पता केशव पथ राजेन्द्र नगर सिरसी रोड जयपुर
उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न है।
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि. 06 माह 10 सन् 2026 को 10 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो उपसंजात हो । यदि आप ऐसा करने मे असफल रहेगें तो उक्तआदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा
यह आज ता. 16 माह 09 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मुन्सरिम
अपीलीय अधिकरण
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी चाकसू स्थान जिला जयपुर
प्रभूलाल विरूद्ध संजय माथुर
वाद बाबत-....
वाद संख्या-6708 सन् 2026
बनाम राजेन्द्र भारद्वाज पुत्र स्व.नारायणलाल जाति ब्राह्मण स्थान नि. डी-82 श्याम नगर खातीपुरा रोड जयपुर
...ने आपके विरूद्ध.... के लिये वाद पंजीयत किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 28 माह 09 सन् 2026 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्तिहो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता हैं कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हैं। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे कें समर्थन मेंसाक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता हैं कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज ता. 23 माह 09 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर सें और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत
रीडर
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट चाकसू

खोया पाया
श्रीमान जी मेरे भूखण्ड संख्या 14/ID/27 योजना रिंग रोड परियोजना के मूल आवंटन पत्र एवं कब्जा पत्र कहीं गुम हो गये है मिलने पर सूचित करें नाम-प्रकाश शर्मा मोबाईल नं.9414593222
भूखण्ड संख्या A-56 एवं A-205B योजना मंगलम पार्क व्यू ग्राम सारंगपुरा व भम्भोरिया, सांगानेर, जयपुर के रजिस्टर्ड मूल पट्टे विलेख, साईट प्लान, मय स्टाम्प गुम हो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें। बनवारी लाल शर्मा मो.नं. 9928113214

नाम संशोधन सूचना
मै अनिल कुमार भारद्वाज पुत्र श्री मक्खन लाल भारद्वाज निवासी प्लाट न. 21, गणेश विहार , लक्ष्मी भट्टे के सामने आगरा रोड, जामडोली , राजस्थान उक्त पत्ते पर मेरे साथ मेरी पत्नी संगीता शर्मा एंवं मेरी पुत्री मृणाल शर्मा रहती है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम भास्कर शर्मा है जिसको बदलवाकर अनिल कुमार भारद्वाज करवाना है, जिसकी गज़ट प्रकाशन संबधित कार्यवाही की जा चुकी है, भविष्य में मेरी पुत्री के शैक्षणीक एव् अन्य दस्तावेजो में पिता का नाम अनिल कुमार भारद्वाज पढ़ा व माना जाए।

(18) लिबर्टी पशुधन सहायक प्रशिक्षण संस्थान
राजस्थान वेटेनरी यूनिवर्सिटी, बीकानेर से मान्यता प्राप्त
2 वर्षीय 6 माह पशु पालन डिप्लोमा
12th कृषि अथवा जीव विज्ञान
एडमिशन मैनेजमेंट सीट
229(A), राजेन्द्र प्रसाद नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर

डिजिटल साक्ष्य की कॉपी आरोपी को देना जरूरी : हाईकोर्ट

जयपुर (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि आपराधिक मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से सीसीटीवी फुटेज जैसी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री को सबूत के तौर पर उपयोग किया जा रहा है और इसे आरोप पत्र के साथ अदालत में पेश किया गया है तो उसकी कॉपी आरोपी को देना जरूरी है।

जस्टिस अनूप कुमार की एकलपीठ ने यह आदेश अमर सिंह की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने करौली जिले की निचली अदालत के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें कोर्ट ने याचिकाकर्ता को सीसीटीवी रिकॉर्डिंग वाली डीवीडी और पेन ड्राइव की कॉपी देने से इनकार कर दिया था। अदालत ने अपने आदेश में दोहराया है कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आरोपी को निष्पक्ष सुनवाई का मौलिक अधिकार प्राप्त है। जब तक अभियोजन के इलेक्ट्रॉनिक सबूत आरोपी को नहीं मिलेंगे, वह अपना बचाव प्रभावी तरीके से नहीं कर पाएगा।

याचिका में अधिवक्ता राहुल शर्मा ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में आरोप पत्र पेश किया था। पुलिस ने चार्जशीट के साथ घटना की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग वाली डीवीडी और पेन ड्राइव भी कोर्ट में जमा की थी। अदालत की ओर से आरोपी को चार्जशीट की कॉपी दी गई, लेकिन ये इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड उसे उपलब्ध नहीं कराए गए। सीसीटीवी रिकॉर्डिंग नहीं मिलने पर आरोपी ने ट्रायल कोर्ट में प्रार्थना पत्र दायर कर इसकी मांग की थी। जिसे ट्रायल कोर्ट ने यह कहते हुए आवेदन खारिज कर दिया कि चार्जशीट की कॉपी लेते समय आरोपी ने सीसीटीवी रिकॉर्डिंग की मांग नहीं की थी। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

8.14 लाख रुपए की संदिग्ध राशि के साथ लोहावट बीडीओ को पकड़ा

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की स्पेशल यूनिट बीकानेर ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए लोहावट जिला फलोदी के विकास अधिकारी नारायण सुथार को उनके निजी वाहन से 8 लाख 14 हजार रुपए की संदिग्ध राशि सहित डिटेन किया। एसीबी महानिदेशक गोविन्द गुप्ता के निर्देश पर हुई कार्रवाई में एसीबी चौकी स्पेशल यूनिट बीकानेर को सूचना मिली थी कि लोहावट बीडीओ संदिग्ध राशि लेकर लोहावट से बीकानेर की ओर आ रहे हैं।

सूचना के आधार पर एसीबी बीकानेर के उप महानिरीक्षक नारायण टोगस के सुपरविजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष कुमार मय टीम ने नोखा रोड स्थित भीनासर चेक पॉइंट पर संदिग्ध हुंडई वेन्यू कार नंबर आरजे 07 सीडी 0047 को रुकवाया।वाहन की तलाशी के दौरान 8 लाख 14 हजार रुपए बरामद हुए। राशि के संबंध में विकास अधिकारी से पूछताछ की जा रही है।

'एकात्म मानव दर्शन केवल भारत नहीं, समस्त मानवता के लिए मार्गदर्शक'

जयपुर (कासं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारत को भारत बनाने की जीवन दृष्टि दी और इसे केवल भारत के लिए नहीं, बल्कि विश्व के लिए मार्गदर्शन एवं मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानवदर्शन केवल भारतीय जनसंघ या भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं अथवा भारत के लोगों के लिए नहीं, बल्कि समस्त मानवता के लिए है। होसबाले शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति की ओर से जयपुर के धानक्या में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मुझे धानक्या की पवित्र भूमि पर आने का अवसर मिला और यहां स्थित दीनदयाल उपाध्याय के प्रेरणादायी स्मारक के दर्शन कर उनके जीवन से प्रेरणा लेने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि यह स्मारक आने वाले लोगों को राष्ट्र और समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा देने वाला है।

उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय एक विलक्षण व्यक्तित्व और प्रेरणादायी पुरुष थे। उनके स्मरण में समारोह समिति कई वर्षों से सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्र की दृष्टि से महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन करती आ रही है। उन्होंने समिति के कार्यों के लिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के प्रति साधुवाद व्यक्त किया। एकात्म मानवदर्शन की चर्चा करते हुए होसबाले ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय संस्कृति और भारत के जीवन दर्शन के विभिन्न विषयों को सार रूप में लेकर आधुनिक युग में जीवन जीने के लिए आधारभूमि तैयार की और इसे एकात्म मानवदर्शन के रूप में प्रस्तुत किया। होसबाले ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि भारत को अमेरिका, इंग्लैंड या जापान नहीं बनाना है, बल्कि भारत को भारत बनाना चाहिए। भारत के व्यक्तित्व, संस्कृति और जीवन मूल्यों के आधार पर खड़ा किया गया जीवन दर्शन केवल भारत के लिए नहीं, बल्कि विश्व के लिए मार्गदर्शन और मॉडल बन सकता है।

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी चाकसू स्थान जिला जयपुर
प्रभूलाल विरूद्ध संजय माथुर
वाद बाबत-....
वाद संख्या-6705 सन् 2026
बनाम राधेश्याम पुत्र रामनिवास जाति बैरवा स्थान ग्राम लखेसरा तहसील सांगानेर जिला जयपुर
...ने आपके विरूद्ध.... के लिये वाद पंजीयत किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 28 माह 09 सन् 2026 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्तिहो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता हैं कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हैं। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे कें समर्थन मेंसाक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता हैं कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज ता. 23 माह 09 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर सें और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत
रीडर
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट चाकसू

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनूसूची संख्यांक 4
न्यायालय सदस्य अपीलीय अधिकरण स्थान जविप्रा जयपुर
श्रीमती रिशा खैराडी विरूद्ध जविप्रा व अन्य
वाद/प्रार्थना अपील
प्रार्थना-पत्र संख्या 35/25 सन्
नाम बसंत असवाल पुत्र श्री नामालुम जाति....
R/o-67, पता केशव पथ राजेन्द्र नगर सिरसी रोड जयपुर
उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न है।
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि. 06 माह 10 सन् 2026 को 10 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो उपसंजात हो । यदि आप ऐसा करने मे असफल रहेगें तो उक्तआदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा
यह आज ता. 16 माह 09 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मुन्सरिम
अपीलीय अधिकरण
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक :-3791 दिनांक :- 19/09/201
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/ फ्लैट संख्या 185/206 (LIG) का आवंटन श्री सुखदेव सिंह दैया पुत्र श्री हजूर सिंह दैया को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3081 दिनांक 12.10.2000 को जारी किया गया था। उनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 15.07.2026 को उप पंजीयक सांगानेर-द्वितीय जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया।
श्री सुखदेव सिंह दैया द्वारा उक्त आवास को श्रीमती कंचन दैया पत्नी श्री दीपेन्द्र नैनावत पुत्री श्री सुखदेव सिंह दैया को उपहार कर इनके पक्ष में उपहार पत्र दिनांक 17.07.2026 को उप पंजीयक सांगानेर-द्वितीय जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती कंचन दैया पत्नी श्री दीपेन्द्र नैनावत पुत्री श्री सुखदेव सिंह दैया द्वारा आवासन मण्डल में पंजीकृत उपहार पत्र के आधार पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती कंचन दैया पत्नी श्री दीपेन्द्र नैनावत पुत्री श्री सुखदेव सिंह दैया का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

नम्बर मिलाइए 8890333139

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

ईसरदा का पानी बदलेगा दौसा-सवाई माधोपुर की पेयजल तस्वीर

1256 गांव और 6 कस्बे जुड़ेंगे, 35 लाख आबादी को मिलेगा शुद्ध पानी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। ईसरदा बांध के पानी को उपचारित कर दौसा और सवाई माधोपुर के गांवों-कस्बों तक पहुंचाने वाली 3588 करोड़ रुपए की ईसरदा-दौसा पेयजल परियोजना ने रफ्तार पकड़ ली है। परियोजना से 1256 गांवों और 6 कस्बों को जोड़ने तथा 3 लाख 6 हजार 198 से अधिक जल कनेक्शन देने का लक्ष्य है। इससे करीब 35 लाख आबादी को स्वच्छ पेयजल मिलेगा।

225 एमएलडी का फिल्टर प्लांट तैयार

परियोजना के लिए 225 एमएलडी क्षमता का फिल्टर प्लांट तैयार हो चुका है और टेस्टिंग-कमिशनिंग जारी है। ईसरदा बांध के इंटेक वेल से प्लांट तक पानी पहुंच चुका है। प्रथम पैकेज में ईसरदा से महुआ तक प्रस्तावित 341 किमी ट्रांसमिशन लाइन में 299 किमी. बिछाई जा चुकी है। ईसरदा और बगड़ी में स्वच्छ जलाशयों व फिल्टर प्लांट का निर्माण पूरा हो चुका है। प्रथम पैकेज पर 1,005.60 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

क्लस्टरों में तेजी से काम

लालसोट क्लस्टर में 302 गांव व लालसोट शहर, दौसा क्लस्टर में 248 गांव व दौसा शहर, बसवा क्लस्टर में 368 गांव व बांदीकुई तथा महुआ क्लस्टर में पेयजल नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। बसवा में प्रस्तावित 2077 किमी पाइपलाइन में 1801 किमी तथा महुआ में 315 किमी में 244 किमी पाइपलाइन बिछ चुकी है।

सवाई माधोपुर के 177 गांव भी जुड़ेंगे

षष्ठम पैकेज में बौंली के 99, मलारना डूंगर के 61 और चौथ का बरवाड़ा के 17 गांवों सहित 177 गांवों को लाभ मिलेगा। इसके लिए 260.62 करोड़ रुपए का कार्यादेश 6 सितंबर 2025 को जारी किया गया। परियोजना के शेष कार्यों को गति दी जा रही है। नवंबर तक शहरी क्षेत्रों में मुख्य पाइपलाइन से जलापूर्ति शुरू करने का प्रस्तावित लक्ष्य है। ग्रामीण क्षेत्रों में संरचनाएं पूरी होने के साथ चरणबद्ध तरीके से कनेक्शन जोड़कर जलापूर्ति शुरू की जाएगी।

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर
क्रमांक :-न.नि.भ./स्टोर/2026-271864
दिनांक :- 25.09.2026
बोली आमंत्रण सूचना
नगर निगम भरतपुर के कार्यालयों में फर्नीचर सप्लाई एवं यूपीवीसी विन्डो लगवाने के कार्य हेतु उक्त कार्य करने वाली फर्मों/ संवेदको से निविदा दिनांक 29.09.26 को आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 29.09.26 समय 02:00 पी.एम. तक विक्रय की जाकर उसी दिवस को 4:00 पी.एम. तक प्राप्त की जाकर उसी दिवस 05:00 पी.एम. पर खोली जावेगी। बोली के अन्य संबधित विवरण राज्य के खरीद पोर्टल (http://sppp.raj.nic.in) पर देखे जा सकते हैं।
(यूबीएन नं.) DLB2627SSOB20502
आयुक्त नगर निगम, भरतपुर

चोटिल होना और चल रही क्रिकेट का हिस्सा नहीं बन पाना किसी के लिए भी मुश्किल होता है। रिहैब की प्रक्रिया कठिन होती है, क्योंकि आपको बार-बार वही चीजें करनी पड़ती हैं। - प्रसिद्ध कृष्णा

भारतीय क्रिकेटर, चोट से वापसी को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

पी.टी. उषा

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने एशियाई खेल 2026 के छठे दिन भारतीय निशानेबाजों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। भारतीय निशानेबाजों ने शुक्रवार को 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टीम और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में एक-एक रजत और स्वर्ण पदक जीतकर भारत के पदक अभियान को मजबूती दी। पीटी उषा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर भारतीय खिलाड़ियों की तारीफ करते हुए उनके जज्बे और एकाग्रता को सराहा। उन्होंने रुद्रांक्ष पाटिल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और नीरज कुमार के साथ-साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली सुरूचि सिंह और कमलजीत को बधाई दी।

क्या आप जानते हैं ?... एशियाई खेल 2018 में नीरज चोपड़ा भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने।

वर्ल्ड कप कैरम चैम्पियनशिप 2026 का इटली में आयोजन : भारतीय टीम का चयन नई दिल्ली में 27 से 29 तक

नई दिल्ली, 25 सितंबर। वर्ल्ड कप कैरम चैंपियनशिप 2026 इटली में दिसंबर में आयोजित होगी, जिसमें गत वर्ष की चैंपियन भारत की पुरुष व महिला टीमें भी भाग लेंगी। राजस्थान कैरम संघ के अध्यक्ष सूरज खत्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वर्ल्ड कप में जाने वाली भारतीय टीमों का चयन करने के लिए ऑल इंडिया कैरम फेडरेशन के तत्वावधान में नई दिल्ली में 27 से 29 सितंबर 2026 तक ऑल इंडिया कैरम रैंकिंग चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। सूरज खत्री ने आगे और जानकारी देते हुए बताया कि आल इंडिया रैंकिंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए राजस्थान राज्य की पुरुष टीम का चयन कर लिया गया है। यह चयन विगत वर्ष राजस्थान कैरम संघ द्वारा आयोजित हुई राजस्थान कैरम चैंपियनशिप के आधार पर किया गया है।

पुरुष टीम के खिलाड़ी निम्न प्रकार से होंगे :- फ़ज़ल अहमद, अंसार मोहम्मद, मोहम्मद शोएब, मोहम्मद शाहिद और टीम मैनेजर : पी. के. सेठी। इस बार राजस्थान राज्य की महिला टीम ऑल इंडिया एलआईसी कैरम चैंपियनशिप के इन्हीं तिथियों में होने के कारण नहीं जा पाएंगी।

अनाहत और अभय ने स्क्वैश सेमीफाइनल में बनाई जगह

आइची-नगोया, 25 सितंबर। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ियों अनाहत सिंह और अभय सिंह ने शुक्रवार को एशियाई खेल 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला और पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बना ली। दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले सीधे गेमों में जीतकर अंतिम चार में प्रवेश किया। 18 वर्षीय अनाहत सिंह ने महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में अपनी हमवतन 30 वर्षीय तान्वी खन्ना को 3-0 (11-2, 11-5, 11-3) से हराया। अनाहत ने महज 15 मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया।

अभय सिंह भी अंतिम चार में - पुरुष एकल में अभय सिंह ने जापान के रयूनोसुके त्सुकुए को 3-0 (11-4, 11-3, 11-6) से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। करीब 30 मिनट चले मुकाबले में अभय ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और जापानी खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। अभय का सामना सेमीफाइनल में हमवतन वीर चोत्रानी से हो सकता है, अगर वीर अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान के मुहम्मद इरफान को हरा देते हैं। ऐसी स्थिति में पुरुष एकल में ऑल-इंडिया सेमीफाइनल होगा और भारत का कम से कम रजत पदक सुनिश्चित हो जाएगा। भारत ने स्क्वैश में पहले ही एक पदक पक्का कर लिया है। जोशना चिनप्पा और वेलावन सेंथिलकुमार की जोड़ी मिश्रित युगल के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस के डेविड पेलिनो और जेमस्या अरिबाडो को हराया था।

पहले ही दौर में हारकर बाहर हुई सात्विक-चिराग की भारतीय जोड़ी

आइची-नगोया, 25 सितंबर। गत चैंपियन भारतीय जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को एशियाई खेल-2026 में पुरुष युगल स्पर्धा के पहले ही दौर में बड़ा उलटफेर झेलना पड़ा। थाईलैंड के सुकफुन और पकापोन तीरारत्साकुल ने शुक्रवार को राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में चौथी वरीय भारतीय जोड़ी को 12-21, 21-19, 21-14 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। सात्विक और चिराग ने मुकाबले की शुरुआत शानदार अंदाज में की। भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में 11-5 की बढ़त बनाई और लगातार दबाव बनाए रखते हुए 20 मिनट में गेम 21-12 से अपने नाम किया। इस हार के साथ एशियाई खेलों में गत चैंपियन सात्विक-चिराग का पुरुष युगल अभियान पहले ही दौर में समाप्त हो गया।

ध्रुव कपिला-तनिशा क्रास्टो क्वार्टर फाइनल में - भारत के ध्रुव कपिला और तनिशा क्रास्टो ने व्यक्तिगत मिश्रित युगल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। भारतीय जोड़ी ने मलेशिया की विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज गोह सून हुआत और लाई शेवोन जेमी को कड़े मुकाबले में 22-20, 24-22 से हराया। ध्रुव और तनिशा का अगला मुकाबला 27 सितंबर को चीन की विश्व नंबर एक जोड़ी फेंग यांग झे और हुआंग डोंग पिंग से होगा।

नेपाल ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया

निसिन, 25 सितंबर। कुशल भुर्तेल और ललित राजबंशी की शानदार गेंदबाजी के दम पर नेपाल ने एशियाई खेलों में अपने क्रिकेट अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। नेपाल ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 102 रन बनाए, जिसके जवाब में नेपाल ने 17.2 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस हार के साथ अफगानिस्तान को प्रतियोगिता में पहली हार का सामना करना पड़ा।

जापान को 3-1 से हराकर भारतीय महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में

// एशियाई खेल //

गिफू, 25 सितंबर। भारतीय महिला हॉकी टीम ने शुक्रवार को एशियाई खेल 2026 के पूल बी के अहम मुकाबले में मेजबान जापान को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। गिफू प्रीफेक्चुरल ग्रीन स्टेडियम में मिली इस जीत के साथ भारत ने लगातार चौथी जीत दर्ज करते हुए पूल में शीर्ष दो में अपना स्थान भी सुनिश्चित कर लिया। भारत के लिए लालरेमसियामी, इशिका चौधरी और नवनीत कौर ने गोल किए, जबकि जापान की ओर से शिहो कोबायाकावा ने एक गोल किया। भारत ने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की। पहले क्वार्टर में नवनीत कौर के प्रयास को जापान की गोलकीपर यू कुडो ने रोक लिया, लेकिन रिबाउंड पर लालरेमसियामी ने तेजी दिखाते हुए गेंद को गोल में पहुंचाकर भारत को बढ़त दिला दी।

जापान ने बराबरी की कोशिश की, लेकिन भारतीय गोलकीपर सविता पूनिया ने माही उएनो के पेनल्टी कॉर्नर प्रयास को शानदार तरीके से रोक दिया। दूसरे क्वार्टर में भारत ने दबाव बढ़ाया और हाफ टाइम से ठीक पहले अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। नवनीत के पेनल्टी कॉर्नर प्रयास को जापानी डिफेंस ने रोका, लेकिन इशिका चौधरी ने रिबाउंड पर सतर्कता दिखाते हुए गोल कर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। तीसरे क्वार्टर में नवनीत कौर ने जापानी डिफेंस को छकाते हुए शानदार गोल किया और भारत की बढ़त 3-0 कर दी। अंतिम क्वार्टर में जापान ने वापसी की कोशिश की और शिहो कोबायाकावा ने जोरदार टॉमहॉक के जरिए गोल कर अंतर 3-1 कर दिया।

हालांकि भारतीय टीम ने इसके बाद जापान के दबाव को बेअसर करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के बाद भारत के चार मैचों में चार जीत से 12 अंक हो गए हैं और उसने पूल बी में शीर्ष दो में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। जापान नौ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि थाईलैंड भी अपने बाकी मुकाबले जीतकर 12 अंक तक पहुंच सकता है। हालांकि जापान और थाईलैंड को अपने अंतिम पूल मुकाबले में एक-दूसरे का सामना करना है, इसलिए दोनों टीमों का एक साथ भारत के 12 अंकों तक पहुंचना संभव नहीं है। भारत अब रविवार को पूल बी के अपने अंतिम मुकाबले में सिंगापुर का सामना करेगा। भारत ने 2023 हांगझोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था।

नेपाल को 48-24 से हराकर भारतीय महिला कबड्डी टीम फाइनल में

आइची-नगोया, 25 सितंबर। गत चैंपियन भारत ने शुक्रवार को एशियाई खेल 2026 की महिला कबड्डी स्पर्धा के सेमीफाइनल में नेपाल को 48-24 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय टीम ने पूरे मुकाबले में दबदबा बनाए रखा और अब स्वर्ण पदक के लिए खेलेगी। भारत ने मुकाबले की तेज शुरुआत की और शुरुआती पांच मिनट के बाद 9-5 की बढ़त बना ली। भारतीय रेडरों ने लगातार अंक जुटाए, जबकि नेपाल ने भारतीय डिफेंस पर दबाव बनाने की कोशिश की।

नेपाल ने वापसी का प्रयास करते हुए सोनाली को सुपर टैकल से रोककर अहम अंक हासिल किया। इसके बावजूद भारत ने 15-10 की बढ़त बनाए रखी। इसके बाद नेपाल की गंगा घिमिरे ने शानदार रेड करते हुए चार अंक हासिल किए। एंकल होल्ड के बावजूद उन्होंने लाइन को छू लिया और लंबी जांच के बाद उनकी रेड को चार अंकों के रूप में मान्यता दी गई। इससे भारत की बढ़त 21-15 रह गई। हालांकि, भारतीय टीम ने इसके बाद मुकाबले पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। संजू देवी और सोनाली के प्रभावी प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पहले हाफ की समाप्ति तक 31-17 की बड़ी बढ़त हासिल कर ली।

दूसरे हाफ में भी भारत ने अपना दबदबा कायम रखा और नेपाल को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। भारतीय डिफेंस और रेडिंग दोनों ने लगातार अंक जुटाए और अंततः टीम ने 48-24 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ गत चैंपियन भारतीय महिला कबड्डी टीम ने फाइनल में जगह पक्की कर ली है। स्वर्ण पदक के मुकाबले में भारत का सामना चीनी ताइपे या ईरान से होगा। फाइनल शनिवार को खेला जाएगा। भारतीय टीम अब एशियाई खेलों में अपने खिताब का बचाव करने और देश के पदकों की संख्या में एक और स्वर्ण जोड़ने के इरादे से उतरेगी।

हिमांशु, जादौन ओवर ऑल चैम्पियन बने, शिक्षा जैन ने गर्ल्स कैटेगरी जीती

जयपुर, 25 सितंबर। 100 मेडल्स टारगेटेड फाउंडेशन और एडपॉड कम्युनिकेशंस द्वारा आयोजित टैलेंट आइडेंटिफिकेशन गोल्फ टूर्नामेंट का तीसरा सीज़न आज आर्मी गोल्फ कोर्स जयपुर में आयोजित हुआ। जिसमें तीन कैटेगरी - गर्ल्स (21 साल तक), बॉयज़ (18 साल तक) और कैडीज (16 से 29 साल तक) - के युवा गोल्फर और कैडी शामिल हुए। 100 मेडल्स टारगेटेड फाउंडेशन के डायरेक्टर कर्नल हिम्मत वर्मा ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 62 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 7 लड़कियां, 10 लड़के और 45 कैडी शामिल थे। हिमांशु पाल सिंह जादौन ओवरऑल चैंपियन बने, जबकि शिक्षा जैन ने गर्ल्स कैटेगरी में पहला स्थान हासिल किया।

भारत ने थाईलैंड को 66-28 से रौंदकर पुरुष कबड्डी के फाइनल में बनाई जगह

आइची-नगोया, 25 सितंबर। आठ बार की चैंपियन और गत विजेता भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने सेमीफाइनल में थाईलैंड को 66-28 से हराकर एशियाई खेल 2026 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय टीम अब अपने खिताब का बचाव करने से एक जीत दूर है। भारत ने पुरुष कबड्डी स्पर्धा के अपने नौवें फाइनल में जगह बनाई है। टीम ने पूरे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों हाफ में थाईलैंड पर दबदबा बनाए रखा। भारत ने पहले हाफ में 37 अंक हासिल किए, जबकि थाईलैंड 18 अंक ही जुटा सका। दूसरे हाफ में भी भारत ने 29 अंक जोड़े और थाईलैंड को केवल 10 अंक मिले। पहले हाफ में भारत ने 21 आउट अंक, 12 बोनस अंक और दो ऑलआउट हासिल किए। थाईलैंड ने 13 आउट अंक, तीन बोनस अंक जुटाए और एक ऑलआउट लगाया। मुकाबले के शुरुआती हिस्से में थाईलैंड ने भारतीय टीम को चुनौती देने की कोशिश की, लेकिन भारत ने जल्द ही अपनी पकड़ मजबूत कर ली। पहले हाफ की समाप्ति पर भारत ने 37-18 की मजबूत बढ़त हासिल कर ली। दूसरे हाफ में भारतीय टीम ने 22 आउट अंक और तीन बोनस अंक हासिल किए तथा दो और ऑलआउट लगाए। थाईलैंड को इस दौरान सात आउट अंक, दो बोनस अंक और एक तकनीकी अंक मिला। भारत ने लगातार आक्रामक रेडिंग और मजबूत डिफेंस के दम पर मुकाबला एकतरफा कर दिया। थाईलैंड के खिलाड़ी थकान से जूझते दिखे, जिसका भारत ने पूरा फायदा उठाया। देवांक ने शानदार रेड करते हुए लगातार अंक जुटाए, जबकि अयान, अर्जुन देशवाल और असलम इनामदार ने भी टीम की बढ़त बढ़ाने में योगदान दिया। भारतीय पुरुष टीम प्रतियोगिता में अब तक अजेय है। उसने ग्रुप ए में अपने चारों मुकाबले जीतने के बाद सेमीफाइनल में भी शानदार जीत दर्ज की। फाइनल में भारत का सामना ईरान या चीनी ताइपे से होगा।

टीम कैवेलरी मेफेयर को हराकर फाइनल में पहुंची टीम जयपुर

जयपुर, 25 सितंबर। वार्षिक सितम्बर जयपुर पोलो सीज़न 2026 के तहत शुक्रवार को राजस्थान पोलो क्लब (आरपीसी) ग्राउंड पर फ्लडलाइट्स में आर्मी कमांडर्स कप (06 गोल्स) का सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। नाइट पोलो में टीम जयपुर और टीम कैवलरी मेफेयर के बीच फाइनल के लिए टक्कर हुई, जिसमें टीम जयपुर ने फाइनल में अपनी जगह बनाई। टीम जयपुर ने 12-8 के स्कोर से टीम कैवेलरी मेफेयर को शिकस्त दी। मुकाबले में टीम जयपुर की ओर से शानदार प्रदर्शन करते हुए सवाई पद्मनाभ सिंह ने 7 गोल और मार्टिन कार्लोस डोनोवन ने 5 गोल दागे। टीम से विश्वराज सिंह और अक्षय मलिक भी खेले। दूसरी ओर, टीम कैवेलरी मेफेयर से कड़ी टक्कर देते हुए शमशीर अली ने अकेले 7 गोल हासिल किए। टीम के लिए अनंत राजपुरोहित ने 1 गोल किया। टीम में जयवीरसिंह गोहिल और प्रताप सिंह कानोता भी शामिल रहे। इससे पूर्व, कैवेलरी ग्राउंड पर आर्मी कमांडर्स कप के लिए वी पोलो और नेवी पोलो टीम के बीच पहला सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में टीम वी पोलो 9-8.5 के स्कोर से नेवी पोलो टीम को हराकर फाइनल में पहुंच गई।

गौरवी, फरीद व दिव्यांशी को रजत, युवान को कांस्य

जयपुर, 25 सितंबर। कोलकाता में 19 से 24 अक्टूबर तक आयोजित इंडियन जूनियर ओपन 2026 में राजस्थान के युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में भारत के अलावा हांगकांग, मलेशिया, अमेरिका, श्रीलंका और सिंगापुर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। एसएमएस स्टेडियम स्थित स्क्वैश एकेडमी की संचालक सुरभि मिश्रा ने बताया कि गर्ल्स अंडर-11 में गौरवी अजमेरा ने सेमीफाइनल में शारन्या घोष को 11-1, 11-2, 11-9 से हराया लेकिन फाइनल में गौरवी को नाइरा फातिनरईस्या नख्रुल हागजिम के हाथों 7-11, 11-9, 9-11, 4-11 से हार का सामना करना पड़ा। उन्हें रजत पदक मिला। ब्वॉयज अंडर-15 में फरीद अद्रावी ने भी रजत पदक जीता। सेमीफाइनल में उन्होंने रुआन राम तडांकी को सीधे गेमों में 11-3, 11-7, 12-10 से हराया। फाइनल में ध्रुव जोहरी ने फरीद को 5-11, 11-3, 11-7, 11-6 से पराजित किया। गर्ल्स अंडर-15 में दिव्यांशी जैन ने कड़े मुकाबले के बाद फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने सेमीफाइनल में गौशिका एम को 5-11, 11-5, 7-11, 11-9, 11-8 से हराया। फाइनल में अनिका कलंकी ने दिव्यांशी को 14-12, 11-6, 11-6 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। दिव्यांशी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। ब्वॉयज अंडर-11 में युवान वर्मा सेमीफाइनल में अगस्त्य उप्पल से 11-5, 6-11, 6-11, 9-11 से हार गए। इसके बाद तीसरे-चौथे स्थान के मुकाबले में युवान ने शानदार वापसी करते हुए विराज वाधवानी को 11-8, 4-11, 11-8, 8-11, 11-8 से हराया और कांस्य पदक हासिल किया।

// एशियाई खेल //

शूटर कमलजीत ने एशियन गेम्स 2026 में जीता स्वर्ण

10 मीटर एयर पिस्टल मिक्सड टीम स्पर्धा में सुरुचि फोगाट के साथ भारत को दिलाया सोना

वाराणसी, 25 सितंबर। उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले के सिगरा स्थित नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, साई के शूटर कमलजीत ने एशियन गेम्स 2026 में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतकर काशी का गौरव बढ़ाया है। जापान में आयोजित एशियाई खेलों की 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में कमलजीत ने सुरुचि फोगाट के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कमलजीत इससे पहले भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। वर्ष 2023 में आयोजित जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में उन्होंने पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल जूनियर स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया था। एशियन गेम्स 2026 में कमलजीत और हरियाणा की सुरुचि फोगाट ने संयुक्त रूप से भारत को दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। सुरुचि इंद्र सिंह, झज्जर की रहने वाली हैं। दोनों निशानेबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारतीय निशानेबाजी को भी बड़ी उपलब्धि मिली है।

बरानिका एलंगोवन ने रचा इतिहास, पोल वॉल्ट में भारत को दिलाया पहला पदक

आइची-नगोया, 25 सितंबर। भारतीय एथलीट बरानिका एलंगोवन ने एशियाई खेल-2026 में महिलाओं की पोल वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह एशियाई खेलों में पोल वॉल्ट में पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बन गईं। 29 वर्षीय बरानिका ने नगोया के मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में 4.15 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई। कजाकिस्तान की पोलिना इवानोवा ने भी 4.15 मीटर की दूरी पार की। दोनों खिलाड़ियों का सर्वश्रेष्ठ प्रयास और काउंटबैक समान रहने के कारण कांस्य पदक दोनों के बीच साझा किया गया। बरानिका ने 3.85 मीटर और 4.00 मीटर की ऊंचाई को अपने पहले ही प्रयास में पार किया। इसके बाद उन्हें 4.15 मीटर की ऊंचाई पर पहली कोशिश में सफलता नहीं मिली, लेकिन दूसरे प्रयास में उन्होंने इसे पार कर लिया। इसके बाद तमिलनाडु की इस एथलीट ने 4.25 मीटर की ऊंचाई पार करने का प्रयास किया, लेकिन तीनों प्रयासों में असफल रहीं। इसके बावजूद 4.15 मीटर का प्रदर्शन उन्हें ऐतिहासिक कांस्य पदक दिलाने के लिए पर्याप्त रहा। भारत की दूसरी खिलाड़ी सिंधुश्री गणेशा कोई वैध प्रयास दर्ज नहीं कर सकीं और संयुक्त रूप से अंतिम स्थान पर रहीं।

मनप्रीत ने शॉटपुट में जीता कांस्य, पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला बनी

आइची-नगोया, 25 सितंबर। भारतीय एथलीट मनप्रीत कौर ने शुक्रवार को एशियाई खेल 2026 में महिलाओं की शॉटपुट स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। 36 वर्षीय मनप्रीत ने 17.17 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। वह एशियाई खेलों में महिलाओं की शॉटपुट स्पर्धा में पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला बन गई हैं। चीन की सोंग जियायुआन ने स्वर्ण और झांग लिनरू ने रजत पदक जीता। सोंग ने 19.40 मीटर के सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत की कृष्णा जयशंकर मेनन 16.57 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। मनप्रीत की शुरुआत धीमी रही। उन्होंने पहले प्रयास में 16.32 मीटर की दूरी तय की, लेकिन इसके बाद लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार किया। चौथे प्रयास में उन्होंने 17 मीटर का आंकड़ा पार करते हुए 17.17 मीटर की दूरी हासिल की, जो उन्हें कांस्य पदक दिलाने के लिए पर्याप्त रहा। मनप्रीत से पहले बारबरा वेबस्टर (1951) और किरण बालियान (2023) ने एशियाई खेलों में महिलाओं की शॉटपुट स्पर्धा में भारत के लिए कांस्य पदक जीता था।



गुलवीर सिंह ने 10 हजार मीटर दौड़ में रजत जीतकर सुधारा पिछला प्रदर्शन

आइची-नगोया, 25 सितंबर। भारतीय लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने एशियाई खेल-2026 में पुरुषों की 10 हजार मीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर अपने पिछले प्रदर्शन में सुधार किया। टॉप्स कोर एथलीट गुलवीर ने फाइनल में 28:29.38 मिनट का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने 2022 हांगझोउ एशियाई खेलों में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। बहरीन के बिरहानु बालेव ने 28:27.51 मिनट के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि बहरीन के ही अल्बर्ट किप्टू ने 28:34.38 मिनट के समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

भारतीय मुक्केबाज सचिन सिवाच ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

आइची-नगोया, 25 सितंबर। भारतीय मुक्केबाज सचिन सिवाच ने शुक्रवार को एशियाई खेल 2026 में पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। सचिन ने पूर्व एशियाई चैंपियन और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता जॉर्डन के मोहम्मद अबू जाजेह को 4-1 के स्प्लिट डिसीजन से हराया। सचिन ने 4-1 से स्प्लिट डिसीजन जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अंतिम आठ में उनका सामना जापान के शुनसुके कितामोटो से होगा। कितामोटो भी विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता हैं। दोनों के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबला परसों खेला जाएगा। सचिन की जीत के साथ एशियाई खेलों में भारतीय मुक्केबाजी दल की पदक की उम्मीदें भी मजबूत हुई हैं।

मानुष शाह-दीया चितले ने जीता कांस्य, भारत के पदक 20 हुए

आइची-नगोया, 25 सितंबर। भारत के मानुष शाह और दीया चितले ने एशियाई खेल-2026 में मिश्रित युगल टेबल टेनिस में कांस्य पदक जीतकर देश की पदक संख्या 20 पहुंचा दी। भारतीय जोड़ी को सेमीफाइनल में चीन की वांग चुकिन और सुन यिंगशा के खिलाफ 8-11, 5-11, 8-11, 2-11 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण उनका कांस्य पदक पक्का हो गया था। मानुष और दीया की जोड़ी ने एशियाई खेलों के मिश्रित युगल टेबल टेनिस में भारत को दूसरी बार पदक दिलाया है। इससे पहले 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में शरत कमल और मनिका बत्रा ने इस स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। यह पदक मानुष के करियर के मजबूत दौर में आया है। वह वर्तमान में विश्व रैंकिंग में भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी हैं और 43वें स्थान पर हैं।

नितिन नबीन व भजनलाल ने पंचायतों के लिये 60 प्रचार रथ रवाना किये

पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर सेवा संकल्प सभा में जनप्रतिनिधियों को जनता से सीधा सम्पर्क रखने की सीख दी

जयपुर, 25 सितंबर। नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को मिली सफलता के बाद अब पार्टी ने आगामी पंचायतीराज चुनावों की तैयारियों का बिगुल बजा दिया है। शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर जयपुर के दादिया में आयोजित

■ सेवा संकल्प सभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के विभिन्न जिलों के लिये 2636 करोड़ रुपये के निकाय कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

जयपुर के दादिया में आयोजित सेवा संकल्प सभा को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधित किया।

"सेवा संकल्प सभा" में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं एवं नवनिर्वाचित निकाय जनप्रतिनिधियों को जनसेवा का मंत्र देते हुए पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुटने का आव्हान किया। इसी कार्यक्रम के दौरान 90 प्रचार रथों को पंचायतों के लिए रवाना किया गया। इन रथों के माध्यम से केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं तथा विकास कार्यों की जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने का अभियान चलाया जाएगा।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की भावना को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में विधायक, सांसद तथा निकाय एवं पंचायतीराज के जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है, क्योंकि उनका जनता से सीधा संपर्क होता है। थ्री-टियर सिस्टम के जनप्रतिनिधि ही सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचा सकते हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनता के सुख-दुख में भागीदार बनना ही जनप्रतिनिधि की सार्थकता है।

मुख्यमंत्री ने निकाय चुनाव में जीतकर आए जनप्रतिनिधियों को जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश देते हुए कहा कि सरकार के विकास कार्यों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।

सेवा संकल्प सभा के दौरान राज्यसभा सांसद नितिन नबीन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के विभिन्न जिलों के लिए 2636 करोड़ रुपए के 929 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

इसी कार्यक्रम में, विभिन्न योजनाओं के 36 लाख लाभार्थियों के खातों में 400 करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई।

जयपुर, जोधपुर, कोटा में भाजपा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

से बीकानेर ही एकमात्र ऐसा नगर निगम हैं, जहां पर कांग्रेस के महापौर बने हैं, बाकी 9 जगहों पर भाजपा के महापौर बने हैं। ज्ञात रहे कि गत 21 सितंबर को प्रदेश के 7 नगर निगम सहित, 303 निकायों में मेयर, चेयरमैन और अध्यक्ष चुने जा चुके हैं। इन 7 नगर निगमों में से उदयपुर, अजमेर, अलवर, पाली, भीलवाड़ा, भरतपुर में भाजपा के मेयर बने थे। शुक्रवार को जयपुर के महापौर चुनाव में भाजपा के सुनील कोठारी को 89 मत मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी सुनीता मावर को 60 वोट मिले। एक पार्षद ने नोटा का चुनाव किया। यहां कुल 150 वार्ड हैं। इसी प्रकार, जोधपुर महापौर चुनाव में भाजपा के प्रसन्नचंद मेहता को 53 वोट मिले, उनके प्रतिद्वंदी कांग्रेस उम्मीदवार राजेन्द्र सोलंकी को 47 मत मिले। यहां कुल 100 वार्ड हैं।

इसी तरह, कोटा नगर निगम के महापौर चुनाव में भाजपा उम्मीदवार अनुसुइया गोस्वामी को 65 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी सुनीता सुमन को सिर्फ 35 मत मिले। यहां 100 वार्डों में कांग्रेस के 39 पार्षद हैं, और भाजपा के 57 व 4 निर्दलीय हैं। ऐसे में कांग्रेस को सिर्फ 35 वोट मिलना साफ जाहिर करता है कि यहां कांग्रेस के 4 पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग की है।

ज्ञानेश ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उपलब्ध संसाधनों पर निर्भर करता है। कुछ कार्यक्रम मुख्य चुनाव आयुक्त की भूटान यात्रा के कारण भी स्थगित किए गए थे।

इस खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए कि एक दौरे पर 1.5 करोड़ रुपये तक खर्च हो सकते हैं, सूत्रों ने कहा कि यह खर्च केवल तब होता है जब कोई कार्यक्रम वास्तव में आयोजित किया जाता है।

मुख्यमंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इसके बाद दोपहर 1 बजे मुख्यमंत्री दशहरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 2:05 बजे राजकीय महाविद्यालय ऑडिटोरियम पहुंचेंगे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रतापगढ़ के कार्यक्रमों के बाद, मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से उदयपुर के लिए रवाना होंगे। शाम 4 बजे वे रुपिस रिजॉर्ट, उदयपुर में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री शाम को जयपुर लौट आएंगे।

कोचिंग ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और पूर्व अतिरिक्त इनकम टैक्स कमिश्नर होने का हवाला देते हुए बड़े बदमाशों से संपर्क होने की बात भी कही। शिकायत में आरोप है कि डागुर ने यह भी धमकी दी कि तीनों को इस तरह मरवाया जाएगा कि उनके परिजन भी पहचान नहीं पाएंगे।

ज्ञानेश कुमार और उनके ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जोड़ना, नाम हटाना और फिर बहाल करना, फॉर्म 6 में बदलाव, अपील दाखिल करना तथा मतदाता डेटाबेस और आईटी सिस्टम का केन्द्रीयकरण शामिल था।

एक नोट में संधू ने कुछ कार्रवाहियों को "अनधिकृत और गैरकानूनी" बताया। दोनों चुनाव आयुक्तों ने काम के बंटवारे में किए गए ऐसे बदलावों को लेकर कैबिनेट सचिव को भी अलग-अलग पत्र लिखे, जिससे मतदाता सूची टैक्नोलॉजी पर उनकी निगरानी कम हो गई थी। ईसीआई का कहना है कि सभी महत्वपूर्ण फैसले सर्वसम्मति से लिए गए थे और अलग-अलग राय होना विचार-विमर्श की सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है।

एक अन्य विवाद ने भी और अधिक ध्यान खींचा है। ज्ञानेश कुमार की बेटी और नोएडा की जिला मजिस्ट्रेट मेधा रूपम को लेकर नए सवाल उठे हैं। वकीलों के एक संगठन ने भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर इलाहबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली मेधा रुपम की याचिका को सुप्रीम कोर्ट में "बारी से पहले" (आउट-ऑफ -टर्न) लिस्ट किए जाने (सुनवाई सूची में शामिल करने) पर सवाल उठाया है। हाई कोर्ट ने दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा एवं ऐक्टिविस्ट आकृति चौधरी की राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (नैशनल सिक्योरिटी एक्ट) के तहत हिरासत को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने रूपम और अन्य अधिकारियों के वेतन से 5 लाख रुपये का मुआवजा वसूलने का आदेश दिया था और उनके आचरण की कड़ी आलोचना की थी। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इस वसूली के आदेश पर रोक लगा दी। आलोचकों ने इस प्रक्रिया के औचित्य पर सवाल उठाते हुए, मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ उनके रिश्ते का उल्लेख किया है। इस बीच, विपक्षी नेताओं ने ज्ञानेश कुमार के महाभियोग की मांग और तेज कर दी है। आंतरिक आपत्तियों का हवाला देते हुए और "एक व्यक्ति के तानाशाहीपूर्ण नियंत्रण" का आरोप लगाते हुए राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, ममता बनर्जी, डैरेक ओ'ब्रायन, उद्धव ठाकरे और अरविंद केजरीवाल सहित, कई नेताओं ने उन्हें हटाने की मांग की है। कुछ नेताओं ने उनकी गिरफ्तारी और हाल के चुनावों को रद्द करने की भी मांग की है। अप्रैल में राज्यसभा के 73 सांसदों द्वारा हस्ताक्षिरत एक नोटिस, जिसमें "साबित कदाचार" के आधार पर उन्हें हटाने की मांग की गई थी, अभी लंबित है। विपक्ष एक नया प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है। ईसीआई लगातार अपनी प्रक्रियाओं का बचाव कर रहा है, लेकिन इन सभी विवादों के एक साथ सामने आने से, संस्था (चुनाव आयोग) की विश्वसनीयता को लेकर सवाल और गहरे हो गए हैं।

ज्ञानेश कुमार के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए जाने की ओर ध्यान दिलाया।

घोष ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इस समय भारत में जो हो रहा है, उस पर पूरी दुनिया को ध्यान देना चाहिए। कंप्यूटर प्रोग्रामों का इस्तेमाल बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से व्यवस्थित तरीके से हटाने के लिए किया गया है। लेकिन भारत की ज़ी इस बात को समझ गई है और अब स्थिति बदल रही है।

एक अन्य समानान्तर घटनाक्रम मे, सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा कथित तौर पर, दोनों अन्य चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना, लिए गए फैसलों, जारी दिशा-निर्देशों और सॉफ्टवेयर में किए गए बदलावों को चुनौती दी गई है।

अधिवक्ता शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी द्वारा अधिवक्ता चांद कुरैशी के माध्यम से दायर याचिका में मांग की गई है कि ऐसे फैसलों को असंवैधानिक, मुख्य चुनाव आयुक्त की शक्तियों से बाहर और अमान्य घोषित किया जाए।

एक अन्य अधिवक्ता, बृजेश सिंह ने गुरुवार को अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी से सुप्रीम कोर्ट की कथित अवमानना के लिए सीईसी कुमार के खिलाफ मुकदमा चलाने की वैधानिक अनुमति मांगी।

यह याचिका "द इंडियन एक्सप्रेस" की उन खोजी रिपोर्टों के कुछ दिनों बाद दायर की गई, जिनमें बताया गया था कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने तीन सदस्यीय चुनाव आयोग के नाम पर कथित तौर पर लिए गए कई फैसलों पर लिखित आपत्तियां दर्ज की थीं। त्रिपाठी ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 की धारा 18 का भी हवाला दिया है। इस धारा में चुनाव आयोग द्वारा निर्णय लेने की व्यवस्था बताई गई है और कहा गया है कि यदि किसी मुद्दे पर मतभेद हो, तो बहुमत की राय मान्य होगी।

गौरतलब है कि चुनाव आयोग में तीन चुनाव आयुक्त होते हैं। सीईसी उनमें समान लोगों में प्रथम यानी (फर्स्ट अमंग इक्वल्स) होता है, न कि सबसे वरिष्ठ सदस्य। जहां तक संभव हो, फैसले तीनों की सर्वसम्मति से लिए जाने होते हैं।

जम्मु-कश्मीर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सदन द्वारा पारित प्रस्तावों के अलावा, यह सदन भारत सरकार से जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा तत्काल और शीघ्र बहाल करने का आ ान करता है तथा यह प्रस्ताव भारत सरकार को भेजने का संकल्प लेता है।"

अमेरिका के खिलाफ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चुकानी होगी। सी ई ए ने कहा कि जियोपॉलिटिक्स और अर्थव्यवस्था के बीच बढ़ते संबंधों ने वैश्विक आर्थिक वातावरण को बुनियादी रूप से बदल दिया है। आपूर्ति में व्यवधान, व्यापार प्रतिबंध और महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं की कमजोरियां नीति-निर्माताओं के लिए लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही हैं।

नागेश्वरन ने कहा कि नीति-निर्माताओं को 1980 से 2020 के दौर में हावी रहे आर्थिक नीति, ढांचे के आगे बढ़ने की जरूरत है, जब मांग प्रबंधन पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जाता था।

उन्होंने कहा, अब यह मांग प्रबंधन का मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह आपूर्ति प्रबंधन का मामला है।

उन्होंने वैश्विक व्यापार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े उत्पादों के बढ़ते महत्व को भी रेखांकित किया और कहा कि व्यापार का इस्तेमाल अब तेजी से रणनीतिक हथियार के रूप में किया जा रहा है।

नागेश्वरन ने कहा, व्यापार को हथियार बना दिया गया है, कुछ मामलों में विकल्प न होने के कारण प्रतिक्रिया के रूप में और कुछ मामलों में आक्रामक आधार पर।

सी ई ए ने भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने तत्काल तीन चुनौतियों की पहचान की-अमेरिका के साथ भारत के अस्थिर संबंध, वैश्विक ऊर्जा बाजारों में हो रहे बदलाव और ए आई इकोसिस्टम में भारत की अपेक्षाकृत सीमित मौजूदगी।

उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि ए आई इकोसिस्टम में भारत की कोई भूमिका नहीं है, बस बौद्धिक संपदा अभी उतनी नहीं है। यह वास्तविक समस्या है, लेकिन यह आएगी।

उन्होंने कहा कि यह मानकर नहीं चला जा सकता कि वैश्विक बाजार हमेशा जरूरी वस्तुओं और इनपुट तक निर्बाध पहुंच उपलब्ध कराते रहेंगे। आपको खुद उत्पादन करना होगा क्योंकि दुनिया आपको आपूर्ति नहीं करेगी।

उनकी टिप्पणियां इस बात को रेखांकित करती हैं कि भारत के लिए घरेलू उत्पादन, मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं और रणनीतिक विविधीकरण का महत्व बढ़ रहा है, क्योंकि देश तेजी से विभाजित होते वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच आगे बढ़ रहा है।

नागेश्वरन की यह स्वीकारोक्ति वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के उस बयान के एक दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता हो चुका है और मामला निपट गया है तथा वाशिंगटन द्वारा अमेरिकी बाजार में भारत को उसके प्रतिस्पर्धियों की तुलना में सही प्रतिस्पर्धात्मक लाभ दिए जाने के बाद इसे लागू किया जाएगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422, 226423, जालौर। फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908